**आज का मौसम**
अगले पांच दिनों तक हल्के बादल छाए रहेंगे।

19.8° अधिकतम तापमान | 11.2° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06:51 | सूर्यास्त 05:55

## शहर में आज

- **कथा :** शिव महापुराण की अमृतमयी कथा व रुद्राभिषेक गीता पार्क नेहरू नगर दोपहर दो बजे।
- **टॉक शो :** बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में आईएएस कृतिका मिश्रा का टॉक शो सुबह 10 बजे।
- **कार्यक्रम :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा जीएसवीएम सभागार में कार्यक्रम दोपहर 1:30 बजे।
- **ज्ञापन :** उप्र जल निगम संघर्ष समिति द्वारा डीएम को मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन दोपहर दो बजे।
- **उत्सव :** कमल मेमोरियल पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव लाजपत भवन में शाम 4:30 बजे।
- **योगधारा :** सहज योग ध्यान केंद्र द्वारा नौबस्ता गल्ला मंडी द्विवेदी नगर में योग शाम पांच बजे।

## एक नजर

### चार आईपीएस अफसरों ने संभाला चार्ज

**कानपुर।** कानपुर पुलिस कमिश्नरेट में मंगलवार को नवांगतुक ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर समेत चार आईपीएस अफसरों ने कार्यभार संभाल लिया है। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर के आने के बाद जेसीपी आनंद प्रकाश तिवारी समेत अन्य अफसर रिलीव कर दिए गए। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बताया कि मंगलवार को ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी को रिलीव किया गया। उनकी जगह आईपीएस हरीशचंदर ने एडिशनल पुलिस कमिश्नर का चार्ज संभाला। इसके साथ ही आईपीएस श्रवण कुमार सिंह को डीसीपी पूर्वी बनाया गया है।

### वंदे भारत में यात्रियों को नि:शुल्क पानी की बोतल

**कानपुर।** वंदे भारत एक्सप्रेस के यात्रियों को अब पानी नहीं खरीदना पड़ेगा। रेलवे प्रशासन और आईआरसीटीसी ने मंगलवार को निर्देश जारी किए कि यात्रियों को अब 500 मिलीलीटर रेल नीर की बोतल नि:शुल्क दी जाएगी। इस सुविधा से अब स्टेशन पर ट्रेन से उतरकर यात्रियों को पानी खरीदने के लिए नहीं दौड़ना पड़ेगा। रेल नीर की बोतल यात्रियों को मुफ्त मिलेगी।

### पंद्रहवें वित्त और पांचवें राज्य वित्त का आधा पैसा भी खर्च नहीं हो सका, दस क्षेत्र पंचायतों में एक में भी 50 फीसदी धन खर्च नहीं

# विकास की बहार है पर यहां सब बेकार है

**शिव प्रकाश मिश्रा, कानपुर**

**अमृत विचार।** पंद्रहवें और पांचवें राज्य वित्त से क्षेत्र पंचायतों को भरपूर पैसा मिला, फिर भी क्षेत्र विकास की राह ताक रहे हैं। मौजूदा वित्तीय वर्ष समाप्त होने में दो माह भी नहीं बचे हैं और आलम ये है कि धन खर्च का प्रतिशत तीन और तेरह में लटका है। दस क्षेत्र पंचायतों में से एक भी पंचायत ऐसी नहीं है, जिसने 15 वें राज्य वित्त में 50 प्रतिशत पैसा भी विकास कार्यों पर खर्च किया हो। पंद्रहवें और पांचवें वित्त से घाटमपुर, सरसौल, भीतरगांव, ककवन, बिधनू, चौबेपुर, पतारा, शिवराजपुर, कल्याणपुर, बिल्हौर दस क्षेत्र पंचायतों को विकास कार्यों के लिए धन मिला था। पंद्रहवें वित्त से 4343.27 लाख रुपये और पांचवें वित्त से 1579.68 लाख रुपये मिले थे। मिले धन के सापेक्ष अगर देखा जाए तो पंद्रहवें वित्त का 708.83 लाख रुपये ही खर्च हो पाया जो केवल 16.32 प्रतिशत है।

गांव से गांव को जोड़ने का काम इस धन से किया जा सकता था। मगर क्षेत्र पंचायतों में कई ऐसे गांव मिलेंगे जो आज भी कच्चे रास्तों से जुड़े हैं। वहीं स्ट्रीट लाइट आदि न होने से तमाम गांवों में आज भी अंधेरा रहता है।



**16.32%** धन खर्च हुआ पंद्रहवें वित्त का | **43.13%** धन खर्च हुआ पांचवें वित्त का

#### पंद्रहवें वित्त में इतना खर्च किया

पंद्रहवें वित्त में घाटमपुर ने मिले धन 2507.635 लाख में 3.96 प्रतिशत, सरसौल 321.807 लाख में 10.08 प्रतिशत धन खर्च कर पाया है। अकेला बिल्हौर ही है, जिसने 50 प्रतिशत का दायरा पार करके 72.85 प्रतिशत धन खर्च किया है।

- 4343.27 लाख रुपये पंद्रहवें वित्त से मिले
- 1579.68 लाख रुपये पांचवें वित्त से मिले

#### फिर भी शोर मचाते हैं प्रतिनिधि

- अमूमन देखा गया है कि विकास कार्यों को लेकर कोई भी बैठक हो, क्षेत्र पंचायत, ग्राम पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि विकास और बजट के नाम पर जबरदस्त शोर मचाते हैं। यहां आलम ये है कि धन भी मिला और उपयोग नहीं कर पाए। दो माह के अंदर ही मार्च में यह धन चला जाएगा। वहीं अगर क्षेत्र पंचायतों का हाल देखे तो वित्त का धन किसी विकास कार्य में नहीं लगाया गया है।

#### पांचवें वित्त में इतना खर्च किया गया

पांचवें वित्त में 1579.68 लाख रुपये 10 क्षेत्र पंचायतों में आए। जिसमें से 681.26 लाख रुपये खर्च होने पर कुल धन का खर्च प्रतिशत 43.13 रहा है। सरसौल को मिला धन 196.259 लाख में 26.175 लाख खर्च हुए। सरसौल का धन खर्च करने का प्रतिशत 13.34 रहा। सिर्फ घाटमपुर और कल्याणपुर की हालत कुछ ठीक रही है। घाटमपुर ने मिले कुल धन का 98.22 प्रतिशत, कल्याणपुर ने 81.51 प्रतिशत धन खर्च किया है।

#### इन कामों के लिए मिलता है धन

- पंद्रहवें वित्त आयोग के तहत टाइड व अनटाइड फंड में पैसा दिया जाता है। पांचवें और पंद्रहवें वित्त के धन से पंचायतें नाली, खड़ंजा निर्माण और मरम्मत, ठोस द्रव्य अपशिष्ट प्रबंधन सहित अन्य जरूरी काम कराती हैं। पेयजल के लिए तालाब निर्माण, नवीन कूप निर्माण, वाटर हार्वेस्टिंग, सोख्ता गड्ढा, पेयजल कूप गहरीकरण व मरम्मत, पेयजल के लिए भू-स्तर टंकी का निर्माण, पेयजल पाइप लाइन का विस्तार, घाट की पुताई, साफ-सफाई, कचरा संग्रहण केंद्र, चेक डेम का सुधार का जैसे कार्य शामिल हैं। सीसी रोड, नाली, यात्री प्रतीक्षालय, पुलिया, रपटा, पुस्तकालय भवन।

#### सांगा बोले, सब मैनेज हो जाएगा



विधायक अभिजीत सिंह सांगा से जब विकास कार्यों में लापरवाही के बारे में अमृत विचार ने पूछा तो लापरवाही से बोले सब मैनेज हो जाएगा, अभी समय है सब मैनेज हो जाएगा। इसके बाद उन्होंने फोन काट दिया।

#### भुगतान के बाद डिटेल आएगी

जो भी धन है अगर खर्च नहीं हुआ तो आगे वित्तीय वर्ष में जुड़ जाएगा। क्षेत्र पंचायतों में जो भी काम हुए हैं, उनका समीक्षा के बाद नियमानुसार ही भुगतान होगा। क्षेत्र पंचायतों में जो बड़े काम होते हैं, उन कामों के समाप्त होने के बाद ही भुगतान होता है। कई प्रोजेक्टों पर काम चल भी रहा है। जब उनका भुगतान होगा तब पता चलेगा कि कितना काम कराया गया है।
– सुधीर कुमार, सीडीओ, कानपुर नगर

#### हमें कुछ नहीं पता, बहुत व्यस्त हैं



हमें इस वित्त के पैसों की कोई जानकारी नहीं है। हम क्षेत्र पंचायतों में काम के बारे में पूछते भी नहीं हैं। क्या पैसा आया, कहां से आया, ये तो तब पूछें जब अपने काम से फ्री हों। हमें इस बारे में नहीं पता है।
राहुल बच्चा सोनकर, विधायक बिल्हौर

#### एक्टिव होंगे तभी तो काम कराएंगे



मैं भी प्रमुख रहीं हूं, इसलिए सब जानती हूं। क्षेत्र पंचायत में जो एक्टिव होगा वही काम करा पाएगा। पता चला पत्नी प्रमुख हैं और एक्टिव नहीं है तो बेकार है। ये प्रमुख की जिम्मेदारी है कि कार्यों की योजना बनाकर वीडीओ, इंजीनियर व अन्य संबंधित को दें। गंभीरता से लगकर काम कराएं। अधिकारी काम में गड़बड़ या हीलाहवाली कर रहा है तो उसे चिह्नित करें। तब काम होगा। क्षेत्र पंचायत में जनता इतने काम लेकर आती है कि आप करा नहीं सकते हैं। एक्टिव हैं तो विकास होगा और सारा बजट खर्च हो जाएगा।
सरोज कुरील, विधायक घाटमपुर

## जीएसवीएम का कैंप प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ रहा




**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के एआरटी सेंटर में 30 व 31 जनवरी को दो दिवसीय सामाजिक सुरक्षा शिविर आयोजन किया गया था, जिसका उद्घाटन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला, प्रो. ऋचा गिरी, प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने किया था। प्रो.संजय काला ने बताया कि जीएसवीएम का कैंप प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ रहा। कैंप में पीएलएचआईवी लाभार्थियों को विभिन्न सामाजिक कल्याण योजना के लिए नामांकित किया गया। पीएलएचआईवी को सामाजिक लाभ के लिए चार आधार कार्ड, 12 राशन कार्ड, छह विधवा पेंशन, 41 पीएम आवास, चार श्रमिक कार्ड, नौ बैंक खाता, 42 आयुष्मान कार्ड, 10 पैन कार्ड, दो शिक्षा लाभ, चार विकलांग प्रमाण पत्र, एक उज्ज्वला योजना व एक स्मार्ट कार्ड बनाए गए।

# इंडियन ऑयल की पाइपलाइन में छेद करके तेल चोरी, मचा हड़कंप

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर।**

- महाराजपुर थानाक्षेत्र के ग्राम नंबरखेड़ा में सनसनीखेज घटना
- सहायक प्रबंधक ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** महाराजपुर थानाक्षेत्र में चोरों ने इंडियन ऑयल की पाइपलाइन में छेद करके तेल चोरी कर लिया। आईओसी के डीजीआर पेट्रोलिंग गार्ड को जानकारी हुई तो सूचना संबंधित कंपनी और पुलिस को दी गई। जिसके बाद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई।

सहायक प्रबंधक, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड नीरज रस्तोगी ने पुलिस को बताया कि तेल की पाइपलाइन बरौनी रिफाइनरी से चल कर ग्राम नंबरखेड़ा से होकर गुजरती है। चार फरवरी को आईओसी के डीजीआर पेट्रोलिंग गार्ड अमर सिंह चंदेल ने दैनिक पेट्रोलिंग के दौरान पाइपलाइन के ऊपर तेल की गंध के साथ मिट्टी खुदी हुई देखी तो सूचना डीजीआर सुपरवाइजर सुशील कुमार पांडेय को दी गई। इसके बाद आलाधिकारी मौके पर पहुंचे। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त मिली तो सूचना पुलिस को दी गई। घटनास्थल से 9 फुट प्लास्टिक पाइप, 52 रेत की थैली मिली। पाइपलाइन में छेद भी किया गया था जिससे पेट्रोलियम पदार्थ बह रहा था। पाइपलाइन को क्षतिग्रस्त कर तेल चोरी की गई। महाराजपुर थाना प्रभारी अभिषेक शुक्ला ने बताया कि सहायक प्रबंधक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

#### बहुत बड़ा नुकसान हो सकता था

- सहायक प्रबंधक ने बताया कि पाइपलाइन में अत्यधिक ज्वलनशील पेट्रोलियम उत्पादों का बहाव बहुत तेज गति से होता है। क्लैंप वाल्व तंत्र लगा कर तेल चोरी और अत्यधिक ज्वलनशील पेट्रोलियम उत्पादों वाली पाइपलाइन से छेड़छाड़ से भारी विस्फोट होने का खतरा है जिसके परिणामस्वरूप मानव जीवन को खतरा हो सकता है। आग लगने से पर्यावरण और जानमाल को भारी नुकसान हो सकता था।




**बस ही बस**

झकरकटी बस अड्डे के बाहर दोनों लेन पर बसें ही बसें दिख रही हैं। ये तब है जब बस अड्डे के बाहर बसें खड़ी करने पर रोक है। ऐसा करने वाले बस चालकों पर जुर्माने का भी प्रावधान है लेकिन विभागीय अधिकारी कार्रवाई से कतराते हैं और लोग जाम में फंसे रहते हैं। –मनोज तिवारी

# सर्विस लेन न देने पर दादा नगर पुल का कार्य बंद करें



डीसीपी ट्रैफिक ने निरीक्षण कर दिए निर्देश। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

- डीसीपी ट्रैफिक ने किया निरीक्षण, मार्किंग व होल बंद करने के निर्देश
- एलएमएल चौराहे की ओर जाने का रास्ता दिए बगैर कर रहे थे काम

**अमृत विचार।** दादा नगर समानांतर पुल निर्माण के लिए बिना सर्विस लेन दिए विजय नगर की ओर काम करना सेतु निगम को भारी पड़ गया है। विजय नगर से एलएमएल चौराहा की ओर जाने वाले रास्ते पर सेतु निगम को सर्विस लेन देना था। बिना सर्विस लेन दिए बेरीकेडिंग लगाकर रास्ता बंद करने पर डीसीपी ट्रैफिक ने दादा नगर पुल का निरीक्षण किया। डीसीपी ट्रैफिक ने रास्ता बंद करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए तत्काल काम बंद करने के आदेश दिए।

दादा नगर समानांतर पुल निर्माण के लिए सीटीआई की ओर पाइलिंग का काम होने के बाद सेतु निगम विजय नगर की ओर पाइलिंग कराने का काम शुरू करने वाला है। निर्माण कार्य शुरू करने से पहले सेतु निगम को विजय नगर की ओर से आने वाले वाहनों को एलएमएल चौराहे की ओर से होकर निकालने के लिए सर्विस लेन बनाने की योजना थी। सर्विस लेन बनाए बिना विजय नगर से आने वाले वाहनों का रास्ता रोकने के लिए सेतु निगम ने मार्किंग व होल कर बेरीकेडिंग लगाने की तैयारी कर ली थी। मंगलवार को डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने दादा नगर पुल का निरीक्षण किया तो सर्विस लेन न मिलने पर भड़क उठीं। मौके पर अधिकारियों को बुलाकर सर्विस लेन की जानकारी की। उन्होंने बिना सर्विस लेन बनाए काम बंद करने के निर्देश दिए।

विजय नगर से एलएमएल चौराहे की ओर सर्विस लेन न देने से पूरा ट्रैफिक बीओबी चौराहे से गोविंदपुरी पुराना पुल, चावला, नंदलाल, सचान, शास्त्री चौक होते हुए आएगा, जिस कारण यातायात व्यवस्था चरमरा जाएगी।

पुल निर्माण के दौरान विभाग ने विजय नगर से एलएमएल चौराहा जाने के लिए सर्विस लेन बनाने का आश्वासन दिया था। कार्यदायी संस्था बिना सर्विस लेन बनाए कार्य शुरू करने वाली थी, जिस पर रोक लगाई गई है। सर्विस लेन न बनाने से यातायात व्यवस्था चौपट हो जाएगी।
आरती सिंह, डीसीपी ट्रैफिक

# सीजीएसटी कार्यालय पर हल्ला बोल

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**



सीजीएटी कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे उद्यमी व व्यापारी। अमृत विचार

- खफा उद्यमी व व्यापारियों ने प्रदर्शन कर लगाया उत्पीड़न करने का आरोप

**अमृत विचार।** उत्पीड़न से क्षुब्ध व्यापारियों व उद्यमियों ने सर्वोदयनगर स्थित सीजीएसटी कार्यालय पर धावा बोलकर विरोध प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने नारेबाजी कर अफसरों को घेरा। सीजीएसटी आयुक्त से मुलाकात कर व्यापारियों ने दर्द। बयां किया।

फीटा उद्योग व्यापार संघ के बैनर तले उद्यमी नारेबाजी करते कार्यालय पहुंचे। व्यापारियों व उद्यमियों ने आरोप लगाया कि नियमों के विपरीत जांच के नाम पर डराया धमकाया जा रहा है। व्यापारी को जांच पर आने की वजह न बताने, संपूर्ण परिसर, स्टॉक की बिना लिखित अनुमति के जांच करने का आरोप लगाया। यह भी आरोप लगाया कि जांच के अधिकार पत्र व्यापारी को नहीं दिए जाते हैं। बाजार में माल को रोकने, जेल भेजने की धमकी देने, शांति पूर्वक रह कर विभाग की जांच में सहयोग करने के बाद भी व्यापारियों को अतिरिक्त फोर्स बुला कर गिरफ्तार कराने की धमकी का भी आरोप लगाया।

फीटा के महामंत्री उमंग अग्रवाल ने आरोप लगाया कि अधिकारी बिना वैध प्रपत्रों के उद्यमियों के परिसर में घुस आकर डराते और धमकाते हैं। व्यापारी के हक के कागज, जांच के अधिकार पत्र, बयान, पंचनामा आदि से जुड़े कागजात पर हस्ताक्षर कराते हैं। आयुक्त ने आश्वासन दिया कि समस्या का निराकरण कराया जाएगा। हर तीन माह में बैठक की मांग भी उठी। अफसरों ने इस पर सहमति जताई।

एडिशनल कमिश्नर अमर बहादुर, प्रदीप सिंह, ज्वाइंट कमिश्नर शशि शेखर, डिप्टी कमिश्नर अंकित अग्रवाल आदि अधिकारी भी मौजूद रहे। विरोध करने वालों में शिवकुमार गुप्ता, अरुण ओमर, शुभम अग्रवाल गिरीश गुप्ता, संदीप जादिया, अरुण सहानी, विपिन गुप्ता, आशीष साहनी, शिवम बेरीवाल, विशाल जायसवाल, करण जैन, अनुज अग्रवाल, विनय मित्तल, कौशल बहरानी आदि मौजूद रहे।

## अनुसूचित जनजाति मोर्चा की टीम घोषित

**कानपुर।** क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने अनुसूचित जनजाति मोर्चा के क्षेत्रीय पदाधिकारी व सोशल मीडिया कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र टीम की घोषणा की। सोशल मीडिया की 10 सदस्यीय टीम में क्षेत्रीय संयोजक महेन्द्र विक्रम सिंह, सह संयोजक हर्ष द्विवेदी, आयुष्मान सिंह व सदस्य सुधीर त्रिवेदी, सुमित गुप्ता, सचिन गुप्ता, आदित्य शुक्ला, सूरज कुशवाहा, सौरभ कमल, अभिषेक सिंह चौहान को बनाया गया है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा में क्षेत्रीय अध्यक्ष रजनीश कंजर (झांसी), क्षेत्रीय महामंत्री अजय गिहार (कानपुर), क्षेत्रीय महामंत्री गोपाल सहरिया (झांसी) को जिम्मेदारी दी है।

इसके अलावा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र से प्रदेश उपाध्यक्ष घासीराम सहरिया व महावीर गौड़ एवं प्रदेश मंत्री लाल सिंह गिहार (कानपुर) व आशीष कौल (चित्रकूट) को जिम्मेदारी दी है।

# सूरज चमका तो मिली तेज सर्दी से राहत

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** तीन दिन बाद मंगलवार दोपहर बाद सूरज के तेज चमकने से सर्दी से राहत मिली। अनुमान है कि अभी मौसम में उतार चढ़ाव बना रहेगा। अगले पांच दिन में नमी अधिक होने से सुबह व शाम कोहरा रहेगा। मध्यम बादल भी छा सकते हैं। दोपहर में तेज हवाओं के चलते बादल टिक नहीं पाएंगे।

बारिश के बाद सर्दी लौट आई थी। मंगलवार दोपहर में बादल छंटने के बाद सूरज चमका तो राहत मिली। मंगलवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 2.6 डिग्री कम 19.8 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस अधिक 11.2 डिग्री सेल्सियस रहा। 2.2 किमी प्रति घंटे की उत्तर पश्चिम से हवा चलने से बादल छंट गए।



सुबह बच्चे ठिठुरते हुए गए स्कूल। अमृत विचार

# मौनी अमावस्या का स्नान नौ फरवरी को होगा

**कार्यालय संवाददाता कानपुर**

**अमृत विचार।** मौनी अमावस्या का स्नान 9 फरवरी को होगा। पर्व के लिए शहर के प्रमुख घाटों पर तैयारी तेज हो गई है। इस दिन स्नान और दान का विशेष महत्व है।

ज्योतिषाचार्य पंडित मनोज द्विवेदी ने बताया कि मौनी अमावस्या तिथि 9 फरवरी को सुबह 8 बजकर 2 मिनट पर शुरू होगी और 10 फरवरी को सुबह 4 बजकर 28 मिनट तक रहेगी। स्नान और दान 9 फरवरी को मनाना श्रेष्ठकर होगा। ऐसी मान्यता है कि मौनी अमावस्या को मौन रहकर ईश्वर की साधना करने का अवसर होता है। शास्त्रों में मौनी अमावस्या पर मौन रखने का विधान भी बताया गया है।

#### सर्वार्थ सिद्धि योग भी बना

- ज्योतिषाचार्य ने बताया कि मौनी अमावस्या के दिन सबसे शुभ माना जाने वाला सर्वार्थ सिद्धि योग भी इस बार बना है। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 7 बजकर 5 मिनट से लेकर रात को 11 बजकर 29 मिनट तक होगा।

**पोल खोल** | 16 मानक विहीन इमारतों पर कार्रवाई को बार-बार कह रहा दमकल विभाग

# कुछ पूछिये मत, केडीए अफसर सो रहे हैं

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** कानपुर कमिश्नरेट के थानाक्षेत्रों में धड़ल्ले से तनती जा रही 16 मानक विहीन इमारतों पर कार्रवाई के लिए दमकल विभाग ने कानपुर विकास प्राधिकरण को चौथा रिमाइंडर भेजा है। विभाग की जांच में यह इमारतें अग्निशमन के मानकों के विपरीत पाई गई हैं।

शहर में पिछले एक वर्ष में बांसमंडी में प्रदेश के सबसे बड़े थोक कपड़ा बाजार में पांच दिन तक छह टॉवरों में आग लगने का मामला हो, या फिर एक्सप्रेस रोड के मोबाइल प्लॉजा में आग का मामला हो, या रामा मेडिकल विवि में आग हो, दमकल ने रेस्क्यू कर कई लोगों की जान बचाई है। दमकल विभाग की जांच में सामने आया है कि रिहायशी भवनों का कॉमर्शियल उपयोग किया जा रहा है।

तमाम रिहायशी बिल्डिंगें मानकों के विपरीत बनाई जा रही हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने केडीए को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की थी।

उन्होंने बताया कि केडीए को पत्र लिखकर कार्रवाई की संस्तुति के बाद तीसरा रिमाइंडर भेजा गया था। लेकिन इस संबंध में किसी प्रकार की कार्रवाई से अवगत नहीं कराया गया। जिसके चलते चौथा रिमाइंडर भेजा गया है। रिमाइंडर भेजकर पुरानी लिस्ट में शामिल 16 भवनों पर क्या कार्रवाई की गई, इसके संबंध में जानकारी मांगी गई है।

#### इन इलाकों में तनती जा रहीं इमारतें

- शहर के बेकनगंज, चमनगंज, अनवरगंज, केशवनगर, कोहना, नवाबगंज समेत दर्जनों इलाकों में मानकविहीन इमारतें लगातार दिन रात तनती जा रही हैं। ऐसा नहीं है कि कानपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन सांठगांठ के चलते कोई झांकने नहीं पहुंचता। अगर कहीं मानक विहीन बिल्डिंग में कोई घटना हो गई तो कार्रवाई का ढिंढोरा पीटा जाता है।

# विधानसभा में गूंजी जेके कैंसर की बदहाली

## ❍ आर्यनगर के सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी ने उठाया मुद्दा ❍ कहा, जेके कैंसर में नहीं हो रही हैं कई जांचें और ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रावतपुर स्थित जेके कैंसर संस्थान बजट के अभाव से जूझ रहा है। इसके बावजूद संस्थान से भेजे गए प्रस्तावों को यूपी के 2024-25 के बजट में नजरअंदाज किया गया। यहां पर कई महत्वपूर्ण जांचें नहीं होने से कैंसर रोगियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। आंकोलॉजी का सर्जन कई साल से नहीं है। कैंसर रोगियों की परेशानी समझते हुए अमृत विचार अखबार ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थीं। अब सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी ने विधानसभा में यह मुद्दा उठाकर सरकार का ध्यान जेके कैंसर अस्पताल की ओर खींचा।

रावतपुर स्थित जेके कैंसर संस्थान में एक समय मरीजों की भीड़ होने पर बेडों की संख्या कम पड़ जाती थी। तब संस्थान में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, नेपाल व बिहार से मरीज आते थे, लेकिन वर्तमान में जेके कैंसर संस्थान की हालत खुद ठीक नहीं है।

**एक साल में एक भी सर्जरी नहीं :** आर्य नगर सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने विधानसभा में मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कानपुर का जेके कैंसर संस्थान प्रदेश का सबसे बड़ा कैंसर संस्थान है, लेकिन यहां पर स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल हैं। कैंसर की जांच में सहायक पैट मशीन स्कैन की सुविधा नहीं है। यहां पर बायोप्सी तक नहीं की जाती है। संस्थान में सर्जन और ऑपरेशन थिएटर हैं, लेकिन हैरत की बात यह है कि यहां पर एक साल में एक भी सर्जरी नहीं की गई है। पैथोलॉजी है, लेकिन उसके संचालन के लिए पैथोलॉजिस्ट नहीं है। लीनियर एक्सीलेटर की मशीन आदि की भी सुविधा जेके कैंसर संस्थान में नहीं है। खून जांच कराने को दूसरे अस्पताल जाना पड़ता है। 20 नवंबर 2023 को विधानसभा की टीम ने जेके कैंसर का निरीक्षण कर उसका हाल जाना था। तब अधिकारियों द्वारा बताया गया था कि जेके कैंसर प्रदेश का उच्चस्तरीय संस्थान बनेगा, लेकिन बजट में कुछ खास नहीं दिया गया।



विधानसभा में बोलते सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी। अमृत विचार




आठ जुलाई व सात नवंबर को अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

**याचिका पर आई थी टीम**

आर्य नगर सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने कुछ माह पहले एक याचिका दायर की थी। जिसमें कहा था कि सरकार जहां चिकित्सा सेवाओं के विस्तार व आधुनिकीरण पर जोर दे रही है, वहीं राजकीय जेके कैंसर संस्थान से मरीज बैरंग लौट रहे हैं। यहां करीब चार करोड़ की मशीनें रखरखाव के अभाव में कंडम होने को हैं। सदन में याचिका स्वीकार होने के बाद उप मुख्यमंत्री व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया था।

● अमृत विचार ने प्रकाशित की थीं अस्पताल की खबरें

### इन लोगों ने किया था निरीक्षण

उत्तर प्रदेश विधान सभा की याचिका समिति (2022-23) की प्रथम उप समिति मंन उन्नाव से विधान सभा सदस्य पंकज गुप्ता, हरदोई से विधान सभा सदस्य आशीष कुमार सिंह (आशू), फतेहपुर से विधानसभा सदस्य कृष्णा पासवान व कानपुर नगर से विधानसभा सदस्य अमिताभ बाजपेयी शामिल थे। जबकि स्वास्थ्य अधिकारियों में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निगम के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण की महानिदेशक किंजल सिंह, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा की महानिदेशक दीपा त्यागी व जिलाधिकारी विशाख जी मौजूद थे।

### 60 नर्सों की जरूरत, हैं सिर्फ सात

एक अन्य शिकायतकर्ता काकादेव निवासी नीरज सिंह कहना है कि साल 2022-23 व वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए संस्थान को वाजिब बजट नहीं मिला। हर साल शासन से सिर्फ एक करोड़ रुपये मिलता हैं। कैंसर के मरीजों को जांच के लिए दूसरे अस्पताल रेफर किए जा रहे हैं। इसके साथ ही 106 बेड की क्षमता वाले संस्थान में 20 नर्सों के पद हैं, जिनमें से सात नर्सें तैनात हैं। मानक के तहत 60 नर्सों की जरूरत हैं। ग्रेड तीन के 34 पदों में से 18 व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के 64 पदों में से केवल 28 कर्मी ही तैनात हैं।

### एक्सरे मशीन कबाड़ हो गई




जेके कैंसर के निदेशक डॉ.एसएन प्रसाद ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक को पत्र भेजकर बजट की मांग की गई थी। थोड़ा बजट मिलने पर कुछ मशीनों का संचालन शुरू हो गया है, लेकिन एक्सरे मशीन पुरानी होने की वजह से उसके पाट्र्स नहीं मिल रहे हैं, जिससे उसका संचालन नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा पैथोलॉजिस्ट, आन्कोलॉजी सर्जन, लीनियर मशीन आदि के संबंध में प्रस्ताव भेजा जा चुका है। संस्थान को जो बजट मिला है, वो मशीनों के मेंटिनेंस के लिए है।

# दुष्कर्म में वैन चालक समेत पांच पर चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● रावतपुर क्षेत्र में हुई थी घटना आरोपी भेजा जा चुका जेल

**अमृत विचार।** रावतपुर थानाक्षेत्र में कक्षा आठ की छात्रा के साथ वैन चालक ने कार में दुष्कर्म की दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया था। पीड़िता चीखती चिल्लाती रही लेकिन अधेड़ उम्र का आरोपी नहीं पसीजा था। इस मामले में पुलिस आरोपी को जेल भेज चुकी है। मंगलवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी वैन चालक रमेश उर्फ कल्लू सिंह के खिलाफ दुष्कर्म करने वहीं स्कूल की शिक्षिका मधू मैम, प्रिया मैम, प्राचार्या मिस अलटा भाटिया और हेमा मैम के खिलाफ लापरवाही बरतने और घटना को छिपाने में 15 पन्ने की चार्जशीट सीडीआर के साथ कोर्ट में दाखिल कर दी गई है।

रावतपुर निवासी 12 वर्षीय छात्रा केशवपुरम आवास विकास के ग्लोबल पैराडाइज स्कूल में कक्षा छह की छात्रा है। परिजनों ने अनुसार छात्रा सुबह आठ बजे रोज की तरह घर से स्कूली वैन में बैठकर स्कूल के लिए निकली थी। वैन चालक जिला फैजाबाद के थाना रोनाही ग्राम रत्ना भारी निवासी 45 वर्षीय रमेश उर्फ कल्लू सिंह हाल पता बंबा रोड दलहन ने रास्ते में छात्रा के साथ गाड़ी में दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने बताया था कि उसने चीखने चिल्लाने का प्रयास किया इसके बाद वह बेहोश हो गई। जब स्कूल पहुंची तो उसे होश आया उसने अपने क्लास टीचर मधु मैम को घटना की जानकारी दी। क्लास टीचर नाबालिग छात्रा को लेकर प्राचार्य अलका भाटिया के पास गईं जो बच्ची को लेकर स्कूल प्रबंधक हेमा के पास गई। पीड़िता के अनुसार प्रबंधक हेमा ने उससे इस वारदात की जानकारी किसी को बताने से साफ मना कर दिया था। स्कूल की छुट्टी के बाद किशोरी जिस वैन से स्कूल आई थी। उसका चालक बदल गया था। नया चालक हरिशंकर वैन से किशोरी को घर छोड़ने गया किशोरी ने घर पर अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी थी। छात्र की नानी ने प्रबंधक हेमा को फोन पर स्कूल आकर मिलने के लिए बात कही थी। परिजनों ने रावतपुर थाने में आरोपी वैन चालक पर दुष्कर्म और पॉक्सो और स्कूल की क्लास टीचर, प्रिंसिपल के खिलाफ लापरवाही बरतने और घटना को छिपाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# जाति सूचक गालियां देने पर आया था गुस्सा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● शराब पीने के दौरान साथियों ने युवक की हत्या की थी ● पुलिस ने चारों हत्यारोपियों को भेजा जेल

**अमृत विचार।** बर्रा विश्व बैंक में शराब पीने के दौरान पीट-पीट कर हुई ई-रिक्शा चालक की हत्या के मामले में पुलिस ने मंगलवार को मकान मालिक समेत चार आरोपियों को जेल भेजा। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि शराब पीने के दौरान मृतक गौरव ने संजय व कल्लू को जाति सूचक गाली दी थी। जिससे नाराज होकर कल्लू व संजय ने लकड़ी की फंटी से गौरव के कंधे व सीने पर एक के बाद एक कई वार किए, जिसके बाद गौरव की मौत हो गई। आरोपी उसे बेहोश समझ उसी के बगल में सो गए।

बर्रा विश्वबैंक के ब्लॉक निवासी गौरव सिंह (30) पत्नी खुशबू सिंह व बच्चे से अलग पड़ोस में रहने वाले रुद्र प्रताप सिंह के मकान पर किराए पर रहता था। बीते शुक्रवार रात गौरव के कमरे में मकान मालिक रुद्र प्रताप, आदित्य रावत उर्फ कल्लू, रसूलाबाद निवासी किरायेदार संजय कुमार व आई ब्लॉक निवासी वेद शुक्ला ने शराब पी। इस दौरान नशे में होने पर गौरव ने कल्लू व संजय को जातक सूचक गालियां दे दी। जिससे नाराज कल्लू व संजय ने कमरे में रखी लकड़ी की मोटी फंटी से उसके कंधे व सीने पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। इसके बाद भी गुस्सा शांत न होने पर दोनों ने सीने में लात घूसों से वार किया। जिससे गौरव की मौत हो गई। आरोपी नशे में होने की बात सोच उसके बगल में ही सो गए। सुबह मृत देख चारो आरोपी मौके से फरार हो गए। पीएम रिपोर्ट में कंधे व पसलियों की नौ हड्डियां टूटी मिली थीं। डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने बताया कि आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी। अमृत विचार

### पिटाई के बाद गौरव ने मांगा था पानी

आरोपियों ने बताया कि उन्हें यह नहीं पता था कि गौरव मर जाएगा। गौरव ने जैकेट पहनी हुई थी, जिसके चलते खून बाहर नहीं निकला। पिटाई के बाद गौरव ने पानी मांगा था। जिस पर उसको एक पानी की बोतल दे दी। लेकिन कंधे टूटा होने के कारण वह पानी नहीं पी सका।

# बार के पूर्व मंत्री ने चार पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में दो अधिवक्ताओं के बीच मारपीट में सोमवार को जहां अधिवक्ता शिरोमणि शुक्ला ने कानपुर बार एसोसिशन के पूर्व मंत्री अरिदमन सिंह पर एफआईआर दर्ज कराई थी। वहीं मंगलवार को अधिवक्ता अरिदमन सिंह ने भी शिरोमणि शुक्ला समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

श्याम नगर डी ब्लॉक निवासी अरिदमन सिंह ने पुलिस को बताया कि चार जनवरी को रात में लगभग 9.20 में वह अपने घर पर सो रहे थे तभी शिरोमणि शुक्ला ने नशे में फोन करके परिवार को गालियां दीं। 10 मिनट बाद शिरोमणि शुक्ला, संस्कार शुक्ला व एक-दो अज्ञात लोग घर आए और उनकी माता, पत्नी व बच्चों से गाली गलौज की। कहाकि वह उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी को चुनाव लड़ा रहे हैं, उन्हें 10 पेटी शराब व दो लाख रुपये गुंडा टैक्स चाहिए नहीं तो उसे जान से मरवा दूंगा।

# दोस्त की हत्या में खिलाड़ी को उम्र कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● एडीजे आठ की कोर्ट ने सुनाया फैसला, 40 हजार जुर्माना भी ● 2006 में चकेरी में निर्माणाधीन मकान के पीछे मिला था शव

**अमृत विचार।** दो लाख रुपये उधारी वापस मांगने पर होजरी कारोबारी दोस्त की हत्या के आरोपी जूडो चैंपियन को एडीजे आठ की कोर्ट ने दोषी पाया। कोर्ट ने दोषी को आजीवन कारावास व 40 हजार रुपये जुर्माना लगाया। वर्ष 2006 में कारोबारी का शव चकेरी थानाक्षेत्र में मिला था। पीड़ित परिजनों ने जूडो चैंपियन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

बकरमंडी, कर्नलगंज निवासी अनवर अली ने चकेरी थाने में न्यू आजाद नगर निवासी समीर चरन उर्फ बाबू के खिलाफ अपने बड़े भाई नदीम जावेद की हत्या का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अनवर ने बताया था कि भाई नदीम मकसूद कांप्लेक्स कोपरगंज में रेडीमेड होजरी का होलसेल कारोबारी था। जूडो कराटे चैंपियन समीर चरन व उसका भाई बंटी नदीम का मित्र था। दोनों का उनके घर आना जाना था। समीर चरन ने नदीम संग व्यापार शुरू किया था। समीर उससे माल लेकर गोपालगंज, बिहार जाकर बेचता था। समीर पर करीब दो लाख रुपये का बकाया हो गया था। बहन की शादी नजदीक थी तो वह समीर से रुपये मांगने चकेरी स्थित उसके घर गया था। इसके अगले दिन चकेरी पुलिस को नदीम का शव निर्माणाधीन मकान के पीछे मिला था। पुलिस ने परिजनों को मार्ग दुर्घटना में मौत की जानकारी दी थी। पोस्टमार्टम में शरीर पर चोट के निशान और हेड इंजरी से मौत की पुष्टि हुई थी। परिजनों ने समीर चरन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो आरोपी ने बताया कि नदीम उसकी पत्नी पर गलत नजर रखता था, जिसके बाद उसने घटना को अंजाम दिया। मामला एडीजे आठ राम अवतार प्रसाद की कोर्ट में चल रहा था। एडीजीसी अरविंद डिमरी ने बताया कि कोर्ट ने समीर चरन को आजीवन कारावास की सजा व 40 हजार रुपये जुर्माना लगाया।



### शराब व शबाब का शौकीन था नदीम

पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि कपड़े के कारोबार से नदीम के पास काफी पैसा था। नदीम गलत संगत में पड़ कर शराब व शबाब का शौकीन हो गया था। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि एक दिन समीर उनके पास आया था और घटना को स्वीकार करते हुए कहा था कि नदीम उसके घर की इज्जत से खेल रहा था, जिस पर उसने घटना को अंजाम दिया।

### दोनों साथ बैठकर पीते थे शराब

पुलिस ने क्षेत्र के एक ढाबे में पूछताछ की तो वहां के कर्मचारी राकेश कुमार ने वर्मा ने बताया था कि समीर व नदीम ढाबे में अक्सर शराब पीते थे। इस दौरान दोनों का कई बार झगड़ा भी हुआ था। घटना के एक दिन पहले दोनों उसके ढाबे आए थे और मसाला लेकर चले गए थे। अगले दिन नदीम की लाश मिली थी।

# ऑल इंडिया फायर सर्विस गेम्स में पदक

**कानपुर।** गुजरात में संपन्न ऑल इण्डिया फायर सर्विस गेम्स 2024 में जनपद में तैनात फायरमैन अभिषेक यादव और चालक पद पर तैनात सुखदेव सिंह ने मेडल जीता। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया अभिषेक ने बैडमिंटन में ब्रोंज व सुखदेव ने 400 मीटर रिले रेस में सिल्वर मेडल जीता है।

# अलग-अलग इलाकों में छेड़छाड़, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा थानाक्षेत्र में शोहदों के हौसले बुलंद है। मंगलवार को थानाक्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में शोहदों ने युवतियों व महिला संग छेड़छाड़ की। विरोध करने पर गाली गलौज कर पिटाई की। पीड़ितों ने बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

बर्रा थानाक्षेत्र निवासी युवक ने बताया कि उनकी बेटी संग मोहल्ले में रहने वाला ड्राइवर सुमित यादव अक्सर छेड़छाड़ व अश्लील इशारे करता है। मंगलवार को बेटी काम से जा रही थी, इसी दौरान सुमित दोबारा छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर बेटी को जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरी घटना में महिला ने बताया कि आयुष गौतम व उसके साथी आयुष सचान का बर्रा दो में लाइब्रेरी गैलरी में आफिस है। पीड़िता ने बताया कि आयुष गौतम व आयुष सचान की दोस्त से 15 हजार रुपये लिए थे। काफी समय पहले उन्होंने पैसे वापस कर दिए थे, लेकिन आरोपी उनको व उनकी बेटी को फोन व मैसेज कर परेशान करते है।

बताया कि मंगलवार को वह मोबाइल शाप में काम करने वाली बेटी को लेकर लौट रही थी। इस दौरान आरोपियों ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की। पीड़िता ने बर्रा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि दोनो मामलों में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।






**शिकंजा** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने भरे नमूने, 60 बोरी माल मिला

# दो फैक्ट्रियों पर छापा, 1200 किलो कचरी सीज



फैक्ट्री में हो रहा कचरी का निर्माण। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होली से पूर्व रंगीन कचरी का कारोबार पनपने लगा है। एफडीए की टीम ने फजलगंज स्थित कारखानें में रंगीन कचरी बनते पकड़ी। 60 बोरी रंगीन कचरी सीज की गई। लगभग 1200 किलो माल सीज किया गया। कचरी व मिलाने जाने वाले रंग के नमूने भरे गए।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी धर्मेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में पनकी इंडस्ट्रियल एरिया पांच स्थित आरव इंटरप्राइजेज में अचानक छापेमारी की। यहां पर रंगीन कचरी बन रही थी। माल सीज करने के बाद कचरी व रंग के नमूने लिए गए।

**मैकरोनी के भी नमूने लिए गए:** फजलगंज में एक अन्य फर्म जवान इंडस्ट्रीज में मैकोनी व पास्ता बनाया जा रहा था। मैकरोनी का भी एक नमूना लिया गया। दोनों स्थानों में गंदगी भी मिली। व्यक्तिगत सफाई, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, बर्तनों की सफाई व रंग आदि के सुधार के लिए लिखा गया। जवान इंडस्ट्रीज को लाइसेंस नवीनीकरण, पेनाल्टी को जमा करने के निर्देश दिए गए।

### बेखौफ मिलावटखोर, जुर्माना वसूली पर नहीं जोर

**कानपुर।** लगातार धरपकड़ और छापेमारी के बाद भी मिलावटखोर सेहत से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इसका बड़ा कारण कई-कई साल बाद भी मिलावटखोरों से जुर्माना वसूली नहीं होना है। बीते चार साल में 250 से ज्यादा मिलावटखोरों के विरुद्ध तीन करोड़ रुपये की आरसी जारी की जा चुकी है। पिछले एक साल में 103 मिलावटखोरों पर 77 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया, लेकिन वसूली नहीं हो पाने पर आरसी जारी करनी पड़ी है। खाद्य सुरक्षा विभाग लगातार मिलावटी खाद्य पदार्थ धरपकड़ कर माल जब्त करने और सीज करने की कार्रवाई कर रहा है। लेकिन जुर्माना लगाने और आरसी जारी होने तक का मिलावटखोरों पर असर नहीं पड़ रहा है। एडीएम सिटी ने जुर्माना नहीं जमा करने वाले 103 मिलावटखोरों के खिलाफ आरसी जारी करके वसूली के सख्त निर्देश दिए हैं।

**सेहत के दुश्मनों से जुर्माना नहीं वसूल पाता है विभाग**

● चार साल में तीन करोड़ जुर्माना पर रुकी नहीं मिलावट

● बीते वर्ष 103 मिलावटखोरों के खिलाफ 77 लाख की आरसी

**ढिलाई और लापरवाही से होती बेईमानी की कमाई :** एफडीए टीम नमूने टेस्ट करने के लिए लैब में भेजता है। 14 दिन में जांच रिपोर्ट आनी चाहिए, लेकिन कई माह तक रिपोर्ट नहीं आती है। फेल हुए नमूनों की सूची आने में भी तीन माह लग जाते हैं। एडीएम सिटी कोर्ट में आपत्ति आने पर मुकदमा चलता है। इस प्रक्रिया में दो से तीन महीने लग जाते हैं। अधिकतर मामलों में कई साल तक जुर्माना वसूली नहीं होती है। इसका फायदा उठाकर मिलावटखोर अपना काम करते रहते हैं।

**मिठाई, तेल, बेसन, शेक आइसक्रीम सब मिलावटी :** मिलावटखोरों के खिलाफ जनवरी माह में 29 वाद कोर्ट में निस्तारित किए गए। इसमें शहद, छेना, रसगुल्ला, छाछ, सरसों का तेल, दूध, पापड़, रिफाइंड आयल, आइसक्रीम, बेसन व मिल्क शेक तक में मिलावट सिद्ध हुई। ये नमूने चकेरी, पिपौरी मर्दनपुर, बर्रा, तात्या टोपेनगर, किदवईनगर, हमीरपुर रोड, महाराजपुर, चमनगंज, कर्नलगंज, रोशननगर, श्यामनगर, ग्वालटोली, मंधना, सजेती, चौबेपुर, परेड व यशोदानगर से लिए गए थे। खाद्य पदार्थों में अखाद्य रंग और पदार्थ, कना, ग्रेनाइट के पत्थर जैसी चीजों की मिलावट पाई गई।

> जुर्माना न जमा करने पर आरसी जारी की गई है। वसूली के आदेश दिए गए हैं। मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।
> -**राजेश कुमार**, एडीएम सिटी

# रूमा को मॉडल औद्योगिक क्षेत्र बनाने पर खर्च होंगे 79 करोड़

**खुशखबरी**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में औद्योगिक क्षेत्र रूमा को चमकाने का रास्ता साफ हो गया है। प्रदेश के बजट में अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन में 400 करोड़ रुपये के प्रावधान से यह उम्मीद जगी है। यूपीसीडा रूमा को मॉडल औद्योगिक क्षेत्र बनाने पर 79 करोड़ रुपये खर्च करेगा।

अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन में औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित किया जाना है। जीटी रोड किनारे स्थित रूमा औद्योगिक क्षेत्र में करीब 200 इकाइयां संचालित हैं। यहां नाली, सड़क, स्ट्रीट लाइट के साथ आधुनिक सुविधाएं जुटाने के लिए यूपीसीडा ने बजट मांगा था।


रूमा औद्योगिक क्षेत्र में टूटी सड़क पर जलभराव। अमृत विचार


रूमा औद्योगिक क्षेत्र में पड़ा कूड़ा। अमृत विचार

रूमा औद्योगिक क्षेत्र में अभी एक ट्रीटमेंट प्लांट है, दूसरा प्लांट भी जल्द लगाया जाना है। कौशल विकास केंद्र भी खुलने हैं। रूमा में ज्यादातर इकाइयां टेक्सटाइल क्षेत्र से जुड़ी हैं या डाइंग यूनिट लगी हैं।

**पनकी व चकेरी में भी दूर होगी बदहाली**

नगर निगम के साथ मिलकर यूपीसीडा 70 करोड़ 36 लाख रुपये से पनकी और चकेरी औद्योगिक क्षेत्र में सड़कें, नालियां और साइड पटरी जैसे विकास कार्य करेगा। नगर निगम ने कार्यों का प्रस्ताव भेजकर शासन से धनराशि मांगी थी। शासन ने यूपीसीडा को कार्यों के भौतिक सत्यापन के लिए नगर निगम के साथ निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। इस पर नगर निगम के जोन 2 के अधिशाषी अभियंता आरके तिवारी, जोन 5 के अधिशाषी अभियंता नानक चंद्र और यूपीसीडा के सहायक अभियंता अशोक वर्मा ने पनकी, चकेरी, रूमा में संयुक्त निरीक्षण कर 31 कार्यों के लिए 70 करोड़ 36 लाख का बजट मांगा है।

- **अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन से यूपीसीडा कराएगा विकास कार्य**

**सुरक्षा-सुविधा का होगा अत्याधुनिक इंतजाम**

रूमा में सौर ऊर्जा आधारित हाई मस्ट लाइटें, पिंक टायलेट, महिलाओं के लिए डारमेट्री, पार्क, अग्निशमन केंद्र और पुलिस चौकी का निर्माण किया जाएगा। इससे यहां दिन-रात सुरक्षा का अहसास होगा। सीसीटीवी कैमरे आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक से लैस होंगे, जिससे किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि होते ही पुलिस को अलर्ट मिल जाएगा। कई जगह पब्लिक एड्रेस सिस्टम बनाए जा रहे हैं, जिससे कर्मचारियों और आसपास के लोगों को संदेश दिया जाएगा। मियावाकी पद्धति से पौधारोपण कर रुद्राक्ष की बगिया विकसित की जाएगी।


परेड से घंटाघर जाने वाली सड़क सीएम ग्रिड योजना के तहत बनेगी। अमृत विचार

# सीएम ग्रिड की स्मार्ट सड़कों पर 1.93 करोड़ से नई सीवर लाइन


अभिषेक वर्मा, कानपुर

- **पांच सड़कों पर सीवर लाइन डालने के लिए जलनिगम ने नगर निगम को भेजी रिपोर्ट**

**अमृत विचार।** सीएम ग्रिड योजना के तहत शहर में बनने वाली पांच सड़कों पर नई सीवर लाइन डालने के साथ कई स्थानों पर पुरानी लाइनें बदली जाएंगी। जल निगम ने सीएम ग्रिड की सड़कों पर सीवर लाइन बदलने के लिए प्रारंभिक फिजिबिलटी रिपोर्ट पेश की है। इसमें 1903.89 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान लगाया है। नगर निगम ने इससे पहले सर्वे कराने का पत्र लिखा था, जिसके आधार पर ही जल निगम ने अपनी रिपोर्ट भेजी है।

मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम के तहत शहर में पांच सड़कों का निर्माण और सुंदरीकरण होना है। शासन ने बजट में इस योजना में 800 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। शहर में बनने वाली पांच सड़कों पर 145.5 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। जलकल महाप्रबंधक ने नगर निगम के मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी को बताया है कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत शहर में प्रस्तावित पांचों सड़कों पर कई जगह नई सीवर लाइन डालने व कई जगह सीवर लाइन बदलने की आवश्यकता है। समय से गुणवत्तापरक काम शुरू हो सके इसलिए पहले सीवर लाइनें बदलना जरूरी है।

सीएम ग्रिड योजना की सड़कों की डीपीआर बनाने के लिए सोमवार को शासन में बैठक हुई। इसमें कानपुर समेत योजना में शामिल सभी संबंधित जिलों के नगर आयुक्त व मुख्य अभियंता शामिल हुए।



**यह होंगी विशेषताएं**

- ईवी चार्जिंग स्टेशन
- सोलर स्ट्रीट लाइट
- दोनों ओर हरीतिमा
- आधुनिक बस स्टाप
- सुरक्षित ट्रैफिक लेन
- भूमिगत सर्विस सुविधा

**यह सड़कें बनाई जानी हैं**

- **लागत 19 .71 करोड़ : लंबाई 2860 मीटर,** घंटाघर चौराहे से परेड होते हुए ग्रीनपार्क तक
- **लागत 38 .96 करोड़, लंबाई 3500 मीटर,** एनएच-19 से राजाराम चौराहा एवं नमक फैक्ट्री चौराहा होते हमीरपुर रोड तक
- **लागत 46 .46 करोड़, लंबाई 6050 मीटर,** बर्रा बाईपास से कर्रही रोड होकर रामबाग तिराहा होते हुए हमीरपुर मुख्य मार्ग तक
- **लागत 20 .18 करोड़ , लंबाई 2342 मीटर,** बाबाकुटी चौराहे से किदवई नगर में सोटेबाबा मंदिर होते हुए अलंकार गेस्ट हाउस तक
- **लागत 20 .20 करोड़, लंबाई 1150 मीटर,** जीटी रोड पर बगिया क्रासिंग कल्याणपुर से केसा आफिस तक सड़क

# 382 करोड़ से हैलट पीजीआई के बगल में बनेगा एपेक्स ट्रामा सेंटर

## शासन ने प्रस्ताव को दी मंजूरी, सेंटर को रिंग रोड, हाईवे और एक्सप्रेस वे से जोड़ा जाएगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की पीजीआई के बगल में 382 करोड़ रुपये से एपेक्स ट्रामा सेंटर का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए कॉलेज प्रशासन के प्रस्ताव को शासन ने मंजूरी प्रदान कर दी है। ट्रामा सेंटर को रिंग रोड, हाईवे और एक्सप्रेस वे से जोड़ा जाएगा, ताकि हादसों के घायलों को सीधे और जल्दी इलाज के लिए पहुंचाया जा सके। ट्रामा सेंटर का निर्माण होने से हैलट इमरजेंसी में लोड कम होगा और घायलों को एक ही छत के नीचे सभी जांचें और इलाज मिल सकेगा।

हैलट अस्पताल में 17 जिलों से लोग इलाज कराने आते हैं। इसमें बड़ी संख्या सड़क हादसों या अन्य दुर्घटनाओं में घायल होने वाले लोगो की रहती है। इस कारण हैलट इमरजेंसी से लेकर वार्ड तक पीड़ितों से भरे रहते हैं। ट्रामा सेंटर का निर्माण होने से यह समस्या समाप्त हो जाएगी। किसी भी प्रकार के हादसे से प्रभावित लोगों को तत्परता से उपचार मिलना संभव होगा।


हैलट पीजीआई। अमृत विचार

**सेंटर में यह सुविधाएं उपलब्ध होंगी**

- दो सीटी स्कैन मशीनें
- 14 आपरेशन थियेटर
- एक एमआरआइ मशीन
- दो डिजिटल एक्सरे
- एक इको, ओपीजी मशीन
- पैथोलाजी, स्किल लैब



"एपेक्स ट्रामा सेंटर के संबंध में दो बार शासन को प्रस्ताव भेजा गया था, जिस पर अब सरकार ने मंजूरी देकर बजट में 382 करोड़ रुपये की धनराशि का प्रावधान कर दिया है। यह ट्रामा सेंटर हैलट परिसर में जीएसवीएसएस पीजीआई के बगल में बनाया जाएगा। धनराशि मिलते ही ट्रामा सेंटर का निर्माण शुरू कराया जाएगा। -प्रो .संजय काला

**आठ मंजिला भवन में चार सौ तक होंगे बेड**

ट्रामा सेंटर की इमारत आठ मंजिल की होगी। भूतल में फैकल्टी और मरीजों के लिए पार्किंग की व्यवस्था होगी। सेंटर में चार सौ बेड तक की सुविधा होगी, जिसमें 50 बेड का आपदा प्रबंधन वार्ड बनेगा। इस वार्ड में ऑक्सीजन पाइप लाइन समेत अत्याधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे। रेल, सड़क हादसा या किसी आपदा की स्थिति में इस वार्ड का इस्तेमाल होगा। इसके साथ ही यहां 150 बेड का अत्याधुनिक इंटेंसिव केयर यूनिट होगा, जिसमें मल्टीपैरा मानीटर, वेंटिलेटर से लेकर सभी जीवन रक्षक उपकरण लगाए जाएंगे। ट्रामा से जुड़ी समस्याओं के मरीजों के लिए ओपीडी सुविधा भी रहेगी। आर्थोपेडिक, सर्जरी, मेडिसिन, न्यूरो सर्जरी, डेंटल और कार्डियक सर्जरी विभाग भी होंगे।

# ई-कवच एप अपडेट करने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **डाटा के डिजिटलीकरण से टीकाकरण के साथ आशा और एएनएम के काम की निगरानी**

**अमृत विचार।** ई-कवच एप पर सूचनाएं अपडेट कराना सरकार की प्राथमिकता है। लेकिन स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को पोर्टल पर लाभार्थियों को सर्च करने और सूचनाएं दर्ज करने में दिक्कत आ रही है। इसे देखते हुए मंगलवार को रामादेवी स्थित सीएमओ कार्यालय के ट्रेनिंग सेंटर में ई-कवच एप पर सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश तकनीकी सहयोग इकाई (यूपीटीएसयू) के सहयोग से आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में यूपीटीएसयू की डीएससीओ कुसुम सिंकू ने 40 प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया। सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने नियमित टीकाकरण, प्रसव से पहले और बाद में देखभाल व परिवार स्वास्थ्य सर्वे रजिस्टर की जानकारी देते हुए कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए ई-कवच एप बेहतर भूमिका निभा रहा है। इस एप से एएनएम व आशा कार्यकर्ताओं के कार्यों की प्रगति को देखा जा सकता है। इसके जरिए बच्चों व महिलाओं को कौन सा टीका लगा और कौन सा बाकी है, इसकी जानकारी होगी। परिवार स्वास्थ्य सर्वे में भी परिवार के मुखिया समेत सभी सदस्यों की स्वास्थ्य जानकारी सटीक रूप से अंकित होगी। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. यूबी सिंह ने कहा कि एएनएम व आशा कार्यकर्ताओं का एप में डाटा दर्ज कराने में सहयोग करें। कार्यक्रम में यूपीटीएसयू, डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ, यूएनडीपी के प्रतिनिधि मौजूद रहे

# सीएसए में सेंटर फॉर एक्सीलेंस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) में अगले सत्र से महाविद्यालय सेंटर फॉर एक्सीलेंस भी शुरू होगा। इसकी तैयारी तेज हो गयी है। यह जानकारी महाविद्यालय के डीन डॉ. एनके शर्मा ने दी।

सीएसए के अधीन बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज में 45 दिनों के एक्सपीरियंस लर्निंग प्रोग्राम ईएलपी 2024 का विशेष प्रशिक्षण सम्पन्न होने पर मंगलवार को प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

**वन्यजीवों के लिए रेस्क्यू हेल्प डेस्क:** महाविद्यालय के विशाल प्राकृतिक परिसर में आए दिन विभिन्न वन्यजीवों की गतिविधियां दिखाई देती रहती हैं, इसे देखते हुए संस्थान परिसर में एक विशेष वन्यजीव रेस्क्यू हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी।

**बेबुनियाद आरोप :** पत्रकार वार्ता में डीन डॉ. एनके शर्मा ने कहा कि कुलपति पर लगाए गए अनियमितता के आरोप अनर्गल हैं। वे इनका खंडन और निंदा करते हैं। किसी भी गेस्ट फैकल्टी को एक सत्र के लिए ही नियुक्त किया जाता है। वर्तमान में इटावा परिसर में नियुक्त 18 गेस्ट फैकल्टी में मात्र पांच सामान्य वर्ग के हैं, शेष सभी ओबीसी एवं अनुसूचित जाति से संबंधित हैं। वार्ता में डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. प्रदीप कुमार सिंह भदौरिया, एडीएसडब्ल्यू डॉ. टीके महेश्वरी, डॉ. अखिलेश सिंह भदौरिया और डॉ. आशीष राजपूत मौजूद रहे।


पत्रकारों से बात करते डॉ . एनके शर्मा। अमृत विचार

- **कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय का रोजगारपरक शिक्षा पर जोर**

# सीबीएसई के प्रवेश पत्र स्कूलों में पहले दिन नहीं हो सके डाउनलोड

**कानपुर।** सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। लेकिन मंगलवार को सर्वर में तकनीकी खराबी के चलते पोर्टल से प्रवेश पत्र निकालने में समस्या रही। 10 फीसदी स्कूल ही प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सके। सीबीएसई से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि बुधवार से प्रवेश पत्र आसानी से निकला सकेंगे। सीबीएसई परीक्षा में इस बार लगभग 18 हज़ार परीक्षार्थी शामिल होंगे। पोर्टल पर लोड किए गए प्रवेश पत्रों को स्कूलों की ओर से वेरीफाई करने के बाद परीक्षार्थियों को दिया जाएगा। लेकिन मंगलवार दोपहर तक सर्वर पर लोड के कारण प्रवेश पत्र नहीं निकल सके। जानकारी के मुताबिक बुधवार से छात्रों को प्रवेशपत्र उपलब्ध होंगे।

**आईआईटी का परचम** बेंगलुरु में हुई एसटीईएम समिट में संस्थान को लगातार तीसरी बार किया गया सम्मानित

# प्रौद्योगिकी नवाचार में फिर जीता पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटीके) को बेंगलुरु में आयोजित वार्षिक एसटीईएम समिट में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण गतिविधियों के लिए एसटीईएम इम्पैक्ट अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। संस्थान को यह पुरस्कार लगातार तीसरी बार हासिल हुआ है।

सोसाइटी फार टेक्नालाजी मैनेजमेंट (एसटीईएम) ने यह पुरस्कार 'नेत्रहीनों और दृष्टि बाधितों के लिए हैप्टिक स्मार्ट वॉच' के आविष्कार के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ उत्पन्न सामाजिक-आर्थिक प्रभाव को लेकर दिया गया है। आईआईटी कानपुर के स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर प्रभारी प्रो. अंकुश शर्मा, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग और नेशनल सेंटर ऑफ फ्लेक्सिबल इलेक्ट्रॉनिक्स प्रो. सिद्धार्थ पांडा ने एसोसिएशन ऑफ टेक्नोलॉजी ट्रांसफर प्रोफेशनल के अध्यक्ष एल्विन वोंग से पुरस्कार प्राप्त किया।

आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. एस. गणेश ने कहा कि संस्थान नवाचार और उत्कृष्टता एवं गतिशीलता के साथ समाज की मांगों को पूरा करने में व्यापक समाधान विकसित करने के लिए समर्पित है। लगातार तीसरी बार यह पुरस्कार गौरवान्वित करने वाला है। निदेशक के अनुसार आईआईटी का लक्ष्य नवीन तकनीकी समाधानों को बढ़ावा देने और अवसर प्रदान करके देश की आर्थिक और सामाजिक उन्नति में योगदान देना है, ताकि 'मेक इन इंडिया' पहल को प्रोत्साहित किया जा सके।



आईआईटी को मिला एसटीईएम इम्पैक्ट अवॉर्ड। अमृत विचार

- **नेत्रहीनों और दृष्टि बाधितों के लिए बनाई 'हैप्टिक स्मार्ट वॉच' जल्द आएगी बाजार में**

**स्पर्श-संवेदनशील इंटरफेस करता है कंपन का उपयोग**

नेत्रहीनों और दृष्टि बाधितों के लिए हैप्टिक स्मार्ट वॉच में एक स्पर्श-संवेदनशील इंटरफेस उपलब्ध है, जो कंपन का उपयोग करके उनके लिए जानकारी प्रदर्शित करता है। यह बाज़ार में उपलब्ध ऑडियो-आधारित आउटपुट डिवाइस की तुलना में कई गुना ज्यादा कारगर है। इस तकनीक का निर्माण एवं बिक्री के लिए लाइसेंस एम्ब्रेन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है। इस आविष्कार को एटीएफ (असिस्टिव टेक्नोलॉजी फाउंडेशन) अवार्ड 2023 में एजुकेशनल इंस्टीट्यूट्स अवार्ड द्वारा प्रतिष्ठित बेस्ट असिस्टेड टेक्नोलॉजी इनिशिएटिव्स से भी सम्मानित किया गया था।



# बेरिया की वापसी और सुखराम को मनाने में लगे शिवपाल

विशेष संवाददाता,कानपुर


सुखराम सिंह यादव।


शिवकुमार बेरिया।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव के बीच हुई मंत्रणा के बाद भाजपा में गए सपा नेताओं से संपर्क साधा जा रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी छोड़कर जाने वाले 450 नेताओं की सूची तैयार की गयी है। इनमें शामिल कानपुर के वरिष्ठ नेता शिवकुमार बेरिया भी हैं। चार बार के विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री रहे बेरिया नेतृत्व के रवैये से रुष्ट होकर भाजपा में शामिल हो गए थे। मिनी इटावा कहे जाने वाले मेहरबान सिंह का पुरवा से भी संपर्क साधने की खबर है। ऐसी पहल शिवपाल यादव स्वयं कर रहे हैं।

लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों के गठबंधन में बिखराव देखकर सपा ने आगे बढ़कर प्रदेश में भाजपा को रोकने की कमान संभाली है। ऐसे में पुराने दिग्गजों की पार्टी में वापसी का काम शिवपाल को सौंपा गया है। सपा से भाजपा में गए कुछ वरिष्ठ नेताओं को सरकार में खाली पदों पर समायोजित करने का आश्वासन दिया गया था, जो खोखला साबित हुआ है। ऐसे में भाजपा के रवैये से निराश यदि ये लोग सपा में लौट आएं तो कोई आश्चर्यजनक बात न होगी। भाजपा को रोकने की लड़ाई में सभी समाजवादियों को एक छाते के नीचे आने पर जोर दिया जा रहा है। 2017 में चाचा-भतीजा में झगड़ा शुरू होने पर तमाम सपा नेता भाजपा का रुख कर गए थे। माना जा रहा है कि अब शिवपाल का साथ सपा को माइलेज देगा। मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में डिंपल की जीत में ओबीसी और दलित जातियों ने सपा को वोट किया था। इसके बाद घोसी विधानसभा सीट चुनाव में भी यही समीकरण रहा।

बताया जाता है कि नेताजी (मुलायम सिंह यादव) की मृत्यु के बाद हुआ परिवार में एका सपा में नया रंग भर सकता है। शिवपाल यादव जोड़तोड़ की राजनीति के माहिर खिलाड़ी माने जाते हैं। सपा में उनकी सक्रियता से समाजवादी विचारधारा से जुड़े लोग लौट सकते हैं। शिवपाल यादव का साथ छोड़ने के बाद तमाम जमीनी नेताओं ने भी सपा को अलविदा कह दिया था या फिर अपने घर बैठ गए थे। लेकिन अब जमीनी आधार वाले नेताओं को सपा से जोड़ने में अपने चाचा के प्रयास को अखिलेश पूरा समर्थन दे रहे हैं। शिवपाल के साथ इटावा के राम नरेश यादव, बरेली के वीरपाल सिंह यादव, राम सिंह यादव, अशोक यादव, सुंदरलाल लोधी जैसे नेताओं ने सपा छोड़ दी थी, लेकिन अब ये नेता सपा में अपना मुकाम चाहते हैं। कानपुर के पूर्व कैबिनेट मंत्री चार बार के विधायक शिवकुमार बेरिया, यादव महासभा के उपाध्यक्ष पूर्व सांसद चौधरी सुखराम सिंह यादव सरीखे दिग्गजों से भी संपर्क साधा जा रहा है। बेरिया को सपा कार्यालय से फोन भी किया गया था। वैसे भी 2022 के चुनाव में शिवपाल यादव सपा से अकेले अपने टिकट पर राजी हो गए थे और अपने खास समर्थकों को मंझधार में छोड़ दिया था। उधर, भाजपा में शामिल हुए सपाइयों को वहां भी नेतृत्व ने ठेंगा दिखा दिया था।

**● भाजपा में शामिल हुए या घर बैठ चुके 450 सपाइयों की वापसी के शुरू हुए प्रयास**

### जी हां, फोन आया था : बेरिया

सपा सरकार में कैबिनेट मंत्री व चार बार विधायक रह चुके शिवकुमार बेरिया का कहना है कि उनके पास फोन आया था कि आज पार्टी अध्यक्ष (अखिलेश यादव) से मिल लीजिए। इस पर बेरिया ने धन्यवाद देते हुए कहा कि उनका आदेश होगा तो जरूर मिलूंगा। बेरिया कहते हैं कि वह जन्मजात समाजवादी विचारधारा के हैं। भाजपा ने उनकी राजनीतिक उपयोगिता ही नहीं समझी।

### अभी असमंजस की स्थिति है : सुखराम

यादव महासभा के उपाध्यक्ष पूर्व सांसद चौधरी सुखराम सिंह यादव ने बताया कि उनके पास फिलहाल फोन नहीं आया है। शिवपाल जी से उनके रिश्ते आज भी अच्छे हैं। सपा के भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति है। आगे क्या होता है, देखा जाएगा। इस पार्टी के पिताजी (चौधरी हरमोहन सिंह यादव) संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। इसलिए लगाव लाजिमी है।

# कुर्क अमीन के खिलाफ रिश्वत लेने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**● पीड़ित की शिकायत पर की गई थी जांच, दो बार मांगे थे 10-10 हजार रुपये**

**अमृत विचार:** सहकारी कुर्क अमीन के खिलाफ 10000 रुपये रिश्वत लेने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़ित की शिकायत की जांच के बाद दोषी पाए जाने पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत किया गया है।

सहायक विकास अधिकारी अश्वनी कुमार भीतरगांव विकास ने बर्रा थाने में तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर राजीव विहार, नौबस्ता निवासी महावीर प्रसाद मिश्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। आरोप है कि

बर्रा पांच निवासी सहकारी कुर्क अमीन महावीर प्रसाद मिश्रा ने राजीव विहार निवासी विमल कुमार से10 हजार रुपये रिश्वत न देने पर जेल भेजने की धमकी दी। इस संबंध में विभाग में आई शिकायत पर जांच की गई। तहसीलदार सदर ने महावीर प्रसाद को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता कानपुर नगर महावीर प्रसाद के खिलाफ 5 फरवरी को एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए।

प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिये गये है। अतः तहसीलदार सदर कानपुर नगर की जाँच आख्या के आधार पर उपजिलाधिकारी सदर ने राजीव विहार, नौबस्ता निवासी विमल प्रकाश अग्निहोत्री से दो बार 10 हजार रुपये लेने का आरोप प्रकाश में आया। बर्रा पांच निवासी महावीर प्रसाद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

# पुरानी आयकर देनदारी में मिलेगी राहत

## सीएस प्रोफेशनल्स बेहतर करियर, चुनौती से जूझना होगा, कानपुर चैप्टर का स्थापना दिवस मनाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान किया गया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सीएस प्रोफेशनल्स की मांग दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। कंपनियां, सीएस और छात्रों को अपने कॉर्पोरेट ढांचे में नियोजित कर के लाभ उठा रही हैं। सीएस को भी बेहतर करियर के लिए चुनौतियों से जूझना होगा। यह सलाह एक्सपर्ट ने भारतीय कंपनी सचिव संस्था के कानपुर चैप्टर के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में दी। इस मौके पर बजट पर चर्चा भी की गई। वक्ताओं ने कहा कि पुरानी आयकर बकाया देनदारियों को निपटाने की व्यवस्था से राहत मिलेगी।

मुख्य वक्ता सीएस प्रदीप निगम ने बताया कि इस करियर के चुनने के समय सपोर्ट मिलना बहुत मुश्किल था। केवल कुछ प्रोफेसर ही अपने घरों पर व्यक्तिगत विषयवार कोचिंग प्रदान कर रहे थे। छात्रों की मांग पर कानपुर विद्या मंदिर में सायंकालीन मौखिक कोचिंग शुरू की गई। वर्ष 1995 में आईसीएसआई की सदस्यता मिलने के बाद राहत मिलती चली गई। सीए दिनेश चंद्र शुक्ला ने कहा कि बजट में पुरानी आयकर बकाया देनदारियों को निपटाने की व्यवस्था भी की गई है। इससे पुरानी समस्याओं से राहत मिलेगी। अंतिम बजट की व्यवस्था के अंतर्गत आयकर दरो को यथावत रखा गया है। पिछले बजट में प्रस्तावित विदेशी मुद्रा को भेजने की स्थिति में 20 फीसदी टीडीएस का प्रस्ताव को नियमित कर दिया गया है। स्टार्टअप को मिलने वाली छूट को 2025 तक बढ़ा दिया गया है। नई यूनिट को धारा 115 बीएबी को 15 फीसदी दर से आयकर देयता वाली छूट नहीं बढ़ाई गई है।

**● कार्यक्रम में केंद्र और राज्य सरकार के आए बजट पर भी चर्चा की गई**

पिछले बजट में प्रस्तावित धारा 43 बी में भ्रांतियां को दूर करने पर सीए डीसी शुक्ला ने कहा कि यह धारा सूक्ष्म तथा लघु इकाइयों से माल खरीदने पर ही लागू होगी। माल या सेवा ट्रेड में यह धारा प्रभावित नहीं होगी। आयकर दाता को 26 एएस तथा डिजिटाइजेशन से आयकर विवरणी भेजने में बड़ी सुविधा मिल रही है। फेसलेस असेसमेंट से भय का माहौल भी समाप्त हो रहा है। सूचना व प्रौद्योगिकी के लाभ से कार्य व व्यापार करना आसान हो रहा है।

कंपनी सचिव संस्थान कानपुर चैप्टर की अध्यक्ष सीएस रीना जाखोदिया ने जानकारी दी कि कानपुर चैप्टर की 6 फरवरी 1974 को यात्रा शुरू की थी। कानपुर चैप्टर का जल्द ही अपना शताब्दीनगर में भवन होगा। उन्होंने कहा कि सीएस प्रोफेशनल्स विभिन्न अधिनियमों के लिए आवश्यक कारपोरेट और अन्य अनुपालनों की देख-रेख करते हैं। कंपनियां, सीएस और छात्रों को कैरियर की चुनौतियों का सामना कर लाभ उठा सकते हैं। सीएस आशीष बंसल, मनीष कुमार पाल, ईशा कपूर, वैभव अग्निहोत्री, जागृति मिश्रा, मनीष शुक्ला, राकेश श्रीवास्तव, अरविंद कटियार, सुशील गुप्ता, हेमंत सजनानी, अंकित मल्होत्रा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सीएस प्रोफेशनल की छात्रा हरप्रीतकौर और सुखलीन कौर ने किया।

# गुमटी व्यापार मंडल अध्यक्ष से साइबर ठगी

**कानपुर।** गुमटी व्यापार मंडल के अध्यक्ष से साइबर ठगों ने 41 हजार की ठगी की। पीड़ित ने साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गुमटी नंबर पांच निवासी 63 वर्षीय टीटू लांबा व्यापार मंडल के अध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया कि छह जनवरी को उन्होंने एचडीएफसी बैंक का क्रेडिट कार्ड लिया था। सोमवार को उनके पास व्हॉट्सएप कॉल आई जिसकी प्रोफाइल पर बैंक का ही लोगो लगा था। बात कर रहे युवक ने खुद को बैंक का कर्मचारी बताया और कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया। उन्होंने विश्वास कर लिया। आरोपी ने कार्ड की फोटो मांगी दो उन्होंने भेज दी जिसके बाद ओटीपी भी बता दिया। जिसके बाद उनके खाते से दो बार में 41,510 रुपये कट गए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत की।

## सार-संक्षेप

### ज्ञानचंद्र शंखवार बने कानपुर देहात बसपा अध्यक्ष

**कानपुर।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक बार फिर मंडल के कई जिलाध्यक्षों को हटा दिया है। उन्होंने कानपुर नगर के अध्यक्ष पद पर जिलाध्यक्ष राजकुमार कप्तान, कानपुर देहात के ज्ञानचंद्र संखवार, इटावा के सुनील जाटव, फर्रुखाबाद के वीर सिंह अंबेडकर, कन्नौज के बबलू गौतम, औरैया के कमल गौतम पर भरोसा जताया है।

### रोनिल सरकार के हत्यारोपी को हाईकोर्ट से जमानत मिली

**कानपुर।** चकेरी थाना क्षेत्र के श्याम नगर में रहने वाले संजय सरकार के बेटे रोनिल सरकार का शव 31 अक्टूबर 2022 को भगवन टटिया में रेलवे ट्रैक किनारे पड़ा मिला था। पुलिस ने सात दिसंबर 2022 को आरोपी विकास यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पिछले साल 28 जून को हाईकोर्ट ने विकास को जमानत दे दी थी इसी दौरान पुलिस ने एनएसए की कार्रवाई कर दी। जो तीन-तीन माह तक बढ़ती रही। जेल अधीक्षक डा. बीडी पांडेय ने बताया कि एनएसए की समय सीमा खत्म होने और हाईकोर्ट के आदेश पर मंगलवार को विकास यादव को जेल से रिहा कर दिया गया।

### पार्टी के दौरान छात्रों के बीच विवाद, घायल

**कानपुर।** बर्रा दो स्थित स्कूल में पार्टी के दौरान कहासुनी में एक छात्र ने अपने साथियों को बुलाकर सहपाठी पर हमला कर दिया। बीच बचाव के दौरान एक अन्य साथी भी घायल हो गया। पुलिस ने घायल छात्र को उपचार के लिए भेजने के बाद दो छात्रों समेत आठ अज्ञात पर बलवा, मारपीट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# टीडीएस कटौती किए बिना पैसा डालने पर रिपोर्ट तलब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**● न्यू कानपुर सिटी योजना में रजिस्ट्री के एवज में डाले थे**

**अमृत विचार।** न्यू कानपुर सिटी योजना की लॉन्चिंग में जल्दबाजी अफसरों के गले की फांस बन सकती है। अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग नितिन रमेश गोकर्ण ने केडीए उपाध्यक्ष व डीएम राकेश कुमार सिंह से टीडीएस कटौती में हुई गड़बड़ी पर रिपोर्ट तलब की है। वहीं मंगलवार को चार्ज लेने के बाद पहली बाद उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह केडीए पहुंचे और अधिकारियों के साथ बैठक की।

न्यू कानपुर सिटी योजना में जिन काश्तकारों को केडीए ने चार गुना मुआवजा दिया है। उनके खातों में टीडीएस कटौती किए बगैर ही करोड़ों रुपये की रकम ट्रांसफर कर दी। सीए की रिपोर्ट के बाद वित्त नियंत्रक के दखल पर अफसरों को टीडीएस में हुई चूक मालूम पड़ी। इसके बाद किसानों को तलाश कर टीडीएस की भरपाई करने की कवायद की जा रही है। शासन तक खबर पहुंचने पर अपर मुख्य सचिव नितिन रमेश गोकर्ण ने इस प्रकरण का परीक्षण कर आख्या मांगी है।

### केडीए की कार्यशैली को 'सिटीजन फ्रेंडली' बनाएं

डीएम व केडीए उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने मंगलवार को केडीए पहुंच कर सचिव शत्रोहन वैश्य, अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, चीफ इंजीनियर आशु मित्तल, वित्त नियंत्रक सुशील कुमार, सभी ओएसडी, अधिशासी अभियन्ताओं के साथ बैठक की। उपाध्यक्ष ने योजनाओं की प्रोग्रेस जानी। राकेश कुमार सिंह ने अधिकारियों से कहा कि केडीए की कार्यशैली को 'सिटीजन फ्रेंडली' बनाएं।

# हर्षिता ने देश में बढ़ाया कानपुर का मान


डॉ.हर्षिता पुरी।

**कानपुर।** मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में परेड निवासी भारतेंदु पुरी की बेटी डॉ.हर्षिता पुरी ने कानपुर का नाम पूरे देश में रोशन किया। हर्षिता ने उजहोरोड नेशनल यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस की परीक्षा उत्तीर्ण की और फोरेन मेडिकल ग्रेजुएट परीक्षा (एफएमजीई) की तैयारी की। राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में पहली बार में ही सफलता प्राप्त की। हर्षिता ने इंटरमीडिएट सेंट मैरी कैंट से किया। हर्षिता के पिता भारतेंदु पुरी भारतीय जीवन बीमा निगम में विकास अधिकारी है और मां ममता पुरी ग्रहणी है। समाज सेवा की पृष्ठभूमि वाले परिवार में जन्मी हर्षिता के बाबा स्व. मुरारी लालपुरी 1959 की कानपुर की पहली नगर पालिका सदन में सभासद थे।

# 50 लाख की चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



शातिर चरस तस्कर। अमृत विचार

**● आरोपियों के पास से 10.100 किग्रा चरस हुई बरामद**

**अमृत विचार।** एसटीएफ ने दो अन्तर्राष्ट्रीय तस्करों को 50 लाख कीमत की चरस के साथ गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास 10.100 किग्रा चरस बरामद हुई है। एसटीएफ ने अर्मापुर थानाक्षेत्र के पनकी नहर पुल के पास से दोनों को पकड़ा है।

एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर उप निरीक्षक राहुल परमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक विनोद कुमार और मुख्य आरक्षी धीरेंद्र सिंह की टीम ने खुलासा करते हुए बताया कि काफी समय से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रहीं थीं। इस संबंध में जानकारी प्राप्त हुई कि अवैध मादक पदार्थ चरस की तस्करी करने वाले गिरोह के 02 सदस्य नेपाल राष्ट्र से मोतिहारी बिहार के रास्ते अवैध चरस की खेप कानपुर लाने वाले हैं, जिसकी सप्लाई कानपुर देहात में होनी है। इस सूचना पर एसटीएफ ने पनकी नहर पुल के पास से तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया जिनके पास से चरस की बरामदगी हुई। गिरफ्तार तस्कर मोहम्मद आदिल निवासी गोरा कब्रिस्तान बेकनगंज नाजिर बाग ने पूछताछ में बताया कि जून 2022 मे कानपुर में हुए दंगों में जिला कारागार कानपुर में निरुद्ध था। जहां पर उसकी मुलाकात रोशन पटेल उर्फ लाडले बिहारी से हुई थी। जिसको एसटीएफ ने 25 अप्रैल 2022 को 85 किलो चरस व एक पिकअप गाड़ी के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। रोशन पटेल ने नेपाल के चरस तस्करी के बारे में इससे बताया था। नवंबर 2023 में मो आदिल जेल से रिहा होकर बाहर आया तब रोशन पटेल ने आदिल को नेपाल के चरस तस्करों का नंबर दिया। जिनके माध्यम से मो आदिल नेपाल के चरस तस्करों से व्हाट्सअप के जरिए संपर्क करके ऑनलाइन पेमेंट करता था और अपने कैरियर के माध्यम से चरस मंगाता था। मोहम्मद आदिल के साथ दूसरा तस्कर नन्द किशोर शाह सासूनार निवासी बहुअरवा भट्टा, थाना पोखरिया जिला बीरगंज नेपाल को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने बताया कि वह कानपुर और आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करता था।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैंने अपना नाम मिथलेश से बदलकर मिथलेश निषाद कर लिया है। भविष्य में मुझे मिथलेश निषाद के नाम से ही जाना जाये। **मिथलेश निषाद पुत्र राधेश्याम निषाद निवासी सर्वोदय नगर, शुक्लागंज, थाना गंगाघाट, जिला उन्नाव पिन कोड -209861**

**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHAMMAD AHMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम MO AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: MANJUR AHMAD R/O VILL CHAKTARA POST NARIYVAN, AMBEDKAR NAGAR**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मै मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह उर्फ अमरेश कुमार सिंह पुत्र भगवान बक्श सिंह, निवासी बरोसा एक ही हू सरकारी अभिलेखो मे अमरेश कुमार सिंह पुत्र भगवान बक्श सिंह लिखा है घर का नाम मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह है हमे आज से उपरोक्त दोनो नाम से जाना पहचाना जाए। **- अमरेश कुमार सिंह उर्फ मुन्ना लाल पुत्र भगवान बक्श सिंह, निवासी- बरोसा, थाना हरगांव, सीतापुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम सुभाष से बदलकर सुभाष चन्द्र पुरी रख लिया है। भविष्य में मुझे सुभाष चन्द्र पुरी के नाम से जाना व पहचाना जाये। जो कि पूर्णतया सत्य व सही है। **श्री सुभाष चन्द्र पुरी पुत्र स्व0 मुलक राज पुरी निवासी- म0नं0 -126/36ए, ब्लाक- जी, गोविन्द नगर कानपुर**

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपना नाम आदिल रिजवी से बदलकर मोहम्मद आदिल रिजवी रख लिया है। **- मोहम्मद आदिल रिजवी पुत्र स्व0 जायर हुसैन रिजवी, निवासी-396/407, ओल्ड 396/165, अंगूरी बाग, कश्मीरी मोहल्ला, थाना- सहादतगंज, लखनऊ।**

**गुमशुदा**



नाम -**अजय सागर**
पिता का नाम - महादेव सागर
आयु - 27 वर्ष, हुलिया - रंग गोरा चेहरा लम्बा, इकहरा जिस्म, दाढी रखे हुए, गर्दन पर दाहिने तरफ टैटू का निशान, बाये हाथ पर टैटू का निशान, कद - 5.5 फीट, पहनावा- फूल आस्तीन नेवी ब्लू शर्ट व जीन्स पैंट, निवासी- फत्तेपुर कटरा शिवदयालगंज थाना नवाबगंज जनपद गोंण्डा

उपरोक्त गुमशुदा दिनाँक 28/09/2023 को सुबह समय करीब 9:00 बजे घर से अयोध्या के लिए निकले थे जो वापस लौट कर नहीं आए काफी प्रयास करने के बावजूद भी गुमशुदा का पता नहीं चल पाया है इसके संबंध में थाना नवाबगंज जनपद गोंडा में गुमशुदगी दर्ज है यदि किसी सज्जन को गुमशुदा के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्न नबरो पर सूचित करें।

गुमशुदा के घर का मोबाइल न0- 9839043251 (महादेव सागर पिता), चौकी सरयू घाट- 9919975151, थाना नवाबगंज- 9454403493, क्षेत्राधिकारी तरबगंज- 9454401375


**विकास की बात** | कलेक्ट्रेट में पीछे का खाली स्थान भी शामिल होगा

# मल्टी लेवल पार्किंग की डिजाइन बनेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


कलेक्ट्रेट पार्किंग, जाजमऊ कैंट मार्ग का निरीक्षण करने पहुंचे अफसर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट की मल्टी लेबल पार्किंग की डिजाइन फिर से बनेगी। पीछे के खाली स्थान को पार्किंग में शामिल किया जाएगा। जाजमऊ गंगा पुल से कैंट द्वार तक ग्रीन बेल्ट का विकास होगा। मंडलायुक्त अमित कुमार व डीएम राकेश कुमार सिंह ने विभिन्न विभागों के अफसरों की टीम के साथ मौके पर जाकर दोनों स्थलों का निरीक्षण किया।

जाजमऊ पहुंचे आला अफसरों ने मार्ग के दोनों तरफ भवनों के सामने पेंटिंग का काम देखा।केडीए के अफसरों को निर्देश दिए गए कि सेंट्रल डिवाइडर पर पौधे लगाकर उद्यान की तरह विकसित किया जाए। जाजमऊ पुल से पुरानी चुंगी मार्ग में प्रकाश की व्यवस्था कराने, रोड वाइडिंग, डिवाइडर, नाला फुटपाथ का कार्य कराकर ग्रीन बेल्ट विकसित किया जाएगा। सड़क का सुंदरीकरण ट्रैफिक पुलिस के साथ रि-डिजाइन किया जाए। इससे यह उपयोगी साबित होगा। सुगम यातायात में कारगर भी होगा। यह निर्देश दिया गया कि अवैध कब्जे मार्ग अतिक्रमण मुक्त किया जाए। बस स्टैंड, आटो, टैक्सी स्टैंड के लिए उचित स्थान विकसित किया जाएगा। सवारी लेने के लिए स्थान तय किया जाए।

### गोपालनगर, यशोदानगर की विद्युत लाइन भूमिगत होंगी

मंडलायुक्त ने नगर आयुक्त व मुख्य अभियन्ता केस्कों के साथ मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट स्कीम के तहत विकास को गोपाल नगर, यशोदानगर, बर्रा, कर्रही की सड़कों को देखा। केस्को के साथ विद्युत लाइनों को भूमिगत कराने के निर्देश दिए गए। यह भी निर्देश दिए गए कि सड़कें सकरी हो। विद्युत लाइन शिफ्ट कराने की रुपरेखा की रिपोर्ट दो दिन में देने के निर्देश दिए।

### कर्रही रोड की रिपोर्ट मांगी गई

कर्रही रोड सड़क में भी विद्युत लाइनों को शिफ्ट कराने की भी रिपोर्ट मांगी गई। जाजमऊ पुलिस स्टेशन से सिद्धनाथ मंदिर रोड, न्यू एयरपोर्ट टर्मिनल तक सड़क मार्ग, बिजली पोल शिफ्टिंग कार्य भी निरीक्षण किया गया। लोक निर्माण विभाग व केस्को से इस कार्य की रिपोर्ट मांगी गई।

### पार्किंग का लेआउट प्लाट देखा, बदलने को कहा

कलेक्ट्रेट में प्रस्तावित पार्किंग स्थल की समीक्षा के दौरान पार्किंग के ले आउट प्लान देखा गया। अफसरों ने प्लान को रिडिजाइन कर पीछे पड़े रिक्त स्थान को भी ले आउट में शामिल कर लिया जाए। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन, केडीए सचिव शत्रोहन वैश्य, एडीएम सिटी डा.राजेश कुमार, नगर निगम, केस्को, केडीए व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# दुष्कर्म की शिकार बच्ची के दर्ज किए गए बयान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में सनिगवां इलाके में घर में घुसकर आठ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्ज कर लिए हैं। इस दुस्साहसिक वारदात के बाद आरोपी की तलाश में टीमें लगाई गई है। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने अभी तक मजिस्ट्रेटी बयान नहीं कराए हैं।

चकेरी निवासी पीड़ित पिता ने आरोप लगाया था कि उनके मकान में किराए पर बाइक सर्विस की दुकान चलाने वाले मुकेश ने 28 जनवरी को उनकी आठ साल की बेटी को घर में अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराने के बाद थाने में ही उसके बयान दर्ज किए। लेकिन कोर्ट में मजिस्ट्रेटी बयान दर्ज नहीं कराए गए। एसीपी चकेरी ने बताया कि कोर्ट में बच्ची के बयान दर्ज कराये जाएंगे।


**कार्यालय महाप्रबन्धक**
**जलकल विभाग नगर निगम, कानपुर**

पत्रांक :- जलकल/2439/निविदा प्रकाशन/2023-24 दिनांक :- 05/02/2024

**निविदा सूचना**

जलकल विभाग नगर निगम, कानपुर में जोन 1 के अन्तर्गत निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती है-
अल्पकालीन निविदा पद्धति से आमंत्रित निविदाओं की संख्या - 08
निविदा डालने की अन्तिम तिथि 14.02.2024 की अपरान्ह 02:00 बजे
जलकल विभाग नगर निगम, कानपुर में मुख्यालय के अन्तर्गत निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती है-
अल्पकालीन निविदा पद्धति से आमंत्रित निविदाओं की संख्या - 03
निविदा डालने की अन्तिम तिथि 14.02.2024 की अपरान्ह 02:00 बजे
उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यो का पृथक-पृथक विवरण वेबसाइट etender.up.nic.in पर एवं जलकल विभाग की वेबसाइट jalkalkanpur.in पर देखी जा सकती है तथा निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते सम्बन्धित जोन के अधिशासी अभियन्ता कार्यालय में देखी जा सकती है।

सचिव
जलकल विभाग नगर निगम, कानपुर

कृपया अपने जलकर/सीवर कर, जल मूल्य के बिलों का आनलाइन भुगतान jalkalkanpur.in पर करें।

जल ही जीवन है, जल की बचत करें

# भूमाफियाओं को करें चिह्नित, कब्जामुक्त कराएं जमीन

## खुली पोल : शिकायतों का अंबार, फरियादी 300 पार, कमिश्नर भी देखकर आश्चर्यचकित, कब्जे की शिकायतें सर्वाधिक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिले के छोटे से बड़े अफसर लोगों की समस्याओं का समाधान किस तरह करते हैं, यह हकीकत मंगलवार को कमिश्नर डा. रोशन जैकब के जनता दरबार में झलक गई। अफसरों द्वारा शिकायतों का निस्तारण न होने से कमिश्नर के सामने 300 से अधिक फरियादियों ने पहुंचकर अपनी शिकायतें सुनाईं। शिकायतों का अंबार देख कमिश्नर भी आश्चर्यचकित रहीं।

मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय स्थित सभागार में लखनऊ मंडल की कमिश्नर डा. रोशन जैकब लोगों की समस्याएं सुनने पहुंची थीं। इस दौरान उन्होंने एक-एक फरियादी को सामने बुलाकर उनकी समस्याएं सुनीं। इसमें सबसे अधिक शिकायतें जमीनों पर कब्जे से संबंधित रहीं। कमिश्नर ने अफसरों को सरकारी व गैर सरकारी जमीनों को कब्जामुक्त कराने के निर्देश दिए। साथ ही भू-माफियाओं को चिह्नित करने के भी डीएम को निर्देश दिए।


जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनतीं कमिश्नर व मौजूद डीएम और एसपी।


कमिश्नर से शिकायत करने पहुंचे लोगों की भीड़। अमृत विचार

**314** शिकायतें जनता दरबार में आईं

**53** फीसदी शिकायतें राजस्व विभाग की

### 21 शिकायती पत्र हो सके निस्तारित

मंडलीय जनता दर्शन में कमिश्नर के सामने 314 लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंचे। इनमें राजस्व की 166, पुलिस की 50, विकास विभाग की 25, आपूर्ति की 9, विद्युत की 9 और अन्य विभागों की 57 शिकायतें रहीं। कमिश्नर ने इनमें से 21 का मौके पर निस्तारण किया। शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को 2– 3 दिन में निस्तारित करने के निर्देश दिए।

बता दें कि इन दिनों जनपद में भूमाफियाओं द्वारा सरकारी व निजी जमीनों पर कब्जा किये जाने की शिकायतें आम हैं। ऐसी ही कई शिकायतें पूर्व में जिले के आलाधिकारियों समेत सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ तक भी पहुंची थीं। इसके बाद शासन के निर्देश पर कमिश्नर रोशन जैकब मंगलवार को जनपद आईं।

उनकी अध्यक्षता में मंडलीय जनता दर्शन का आयोजन कलक्ट्रेट स्थित सभागार में हुआ। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने जनता दरबार में मौजूद डीएम अपूर्वा दुबे व अन्य आलाधिकारियों से कहा कि शिकायत आने से पहले ही सरकारी जमीनों को चिह्नित किया जाए और उन्हें हर हाल में कब्जा मुक्त कराया जाए। उन्होंने आदेश दिये कि लखनऊ की तरह उन्नाव में भी भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# नहर उफनाने से कटी खांदी 10 बीघा फसल जलमग्न

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नहर की खादी कटने से किसानों की करीब 10 बीघा फसल डूब गई। सुबह आसपास के गावों के लोगों ने खेतों में पानी भरा देखा तो इसकी सूचना किसानों को दी। मौके पर पहुंचे किसान फसलों को डूबा देख दंग रह गए। इसके बाद किसानों ने दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद खांदी बांधी।

हसनगंज ब्लॉक क्षेत्र की झलोतर माइनर में सोमवार रात पहाड़पुर गांव स्थित नहर पुलिया के पास पानी उफान होने से नहर की खादी कट गई। जिससे आसपास के आधा दर्जन किसानों के खेतो में बोई गेंहू व सरसों की फसल डूब गई। सुबह जब आसपास के लोग वहां से निकले और खेतों में बोई फसल में पानी भरा देखा तो इसकी सूचना किसानों को दी। मौके पर पहुंचे किसानों ने जब फसल में पानी भरा देखा तो वे सिर पीट बैठे। इसके बाद किसानों ने कड़ी मशक्कत कर करीब दो घंटे बाद खांदी बांधी। किसानों में शोभित, राम नरेश, फत्ती, आजाद, विनोद आदि किसानों ने बताया कि इसमें उनकी करीब 10 बीघा फसल डूब गई। किसानों ने बताया कि नहर की पुलिया जर्जर होने से पानी का सही से निकास नहीं हो पाता है। जिससे नहर का पानी उफना जाता है और खांदी कट जाती है। बताया कि बीते साल भी इसी जगह खांदी कटी थी और उनकी फसलें डूब गई थीं।


खेतों में भरा नहर का पानी।

# मंडलायुक्त के सामने फरियाद लेकर पहुंचे भाजपा विधायक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सोहरामऊ थानांतर्गत रसूलपुर गांव की जमीन पर ओसवाल वेयर हाउस का निर्माण हो रहा है। जिसमें दो गावों के प्रधानों में अपनी-अपनी हद को लेकर जंग छिड़ी है। जमीन की लड़ाई मुख्यालय तक पहुंचने पर डीएम ने एडीएम को जांच के आदेश दिए थे। उच्चाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर किसानों की जमीन को तालाबी नंबर बता कार्य शुरू रखने का आदेश दिया था। नाराज किसान क्षेत्रीय विधायक ब्रजेश रावत के पास पहुंचे थे। इस पर विधायक ने अधिकारियो को फोन कर किसानों का अहित न होने की बात कही थी।

भैसौरा गांव के प्रधान रामचंद्र ने डीएम को शिकायतीपत्र देकर तालाबी भूमि नंबर-1199 पर ओसवाल ग्रुप द्वारा अवैध रूप से निर्माण कराने का शिकायती पत्र दिया था। डीएम के आदेश पर एडीएम नरेंद्र सिंह ने टीम के साथ मौके का निरीक्षण कर कहा था कि किसानों का तालाबी नंबर पर कब्जा है। कहा था कि अगर बात बढ़ाई जाती है तो किसानों पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। प्रधान को फोन कर डीसी मनरेगा ने जांच की बात कही थी। इससे नाराज किसान व प्रधान क्षेत्रीय विधायक ब्रजेश रावत के पास पहुंचे थे। इसके बाद मंगलवार को जिले में कमिश्नर रोशन जैकब का जनता दरबार लगा था। विधायक भी शिकायत कर्ता बन प्रधान व किसानों के साथ वहां पहुंच गए और जिले के अधिकारियो का हाल कमिश्नर से बताया। प्रधान की जांच वाली बात पर विधायक ने खुद की जांच कराने की बात अफसरों से कही। किसानों की बात सुनते हुये कमिश्नर ने अधिकारियों को टीम गठित कर जांच कराने के निर्देश दिये। साथ ही निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से रोकने के आदेश दिए।


कमिश्नर से शिकायत करते भाजपा विधायक ब्रजेश रावत। अमृत विचार

# चक्की के पट्टे में फंसी वृद्धा की शाल, मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- रिश्तेदारी का निमंत्रण पत्र देने गई थी आटा चक्की
- एंबुलेंस आने में देर होने पर निजी साधन से लाए अस्पताल


**अमृत विचार।** दही थानांतर्गत एक गांव में निमंत्रण पत्र देने गई वृद्धा की शाल आटा चक्की के पट्टे में फंस गई। जिसकी चपेट में आकर वह गंभीर घायल हो गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया।

दही थानांतर्गत टीकर गढ़ी गांव के मजरा मुकुंदखेड़ा निवासी राधिका उर्फ राधा (70) पत्नी स्व. जुग्गीलाल की रिश्तेदारी में शादी थी। रिश्तेदार उसका और गांव निवासी सूरज राजपूत का निमंत्रण कार्ड वृद्धा के घर दे आया था। जिसे देने वह मंगलवार दोपहर 12 बजे सूरज के घर में लगी आटा चक्की पर गई थी। चलती चक्की के पटे को फांदकर अंदर जाते समय राधा की शाल पटे में फंस गई। इसमें वह गंभीर घायल हो गई। मेन स्विच बंद कर उसे निकाला गया। एंबुलेंस आने में देरी होने से परिजन उसे निजी साधन से जिला अस्पताल लाए। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पहले पिता व बड़े भाई बसंत की मौत के बाद मां का साया उठने से दो बेटे चिरंजीव व देशराज रो-रोकर बेहाल रहे। एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि चक्की के पट्टे में फंसने से वृद्धा की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों की ओर से कोई आरोप नहीं लगाया गया है।

# नववधू की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता आसीवन उन्नाव

**अमृत विचार।** आसीवन थानांतर्गत पटकापुर गांव में दो माह पूर्व ब्याह कर आई नवविवाहिता की संदिग्ध मौत हो गई। दामाद की सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने दहेज में बाइक की मांग पूरी न होने पर बेटी की हत्या कर शव फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। पिता की सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच की। मामला नवविवाहिता की मौत से जुड़ा होने के चलते प्रशासनिक अफसरों को इसकी जानकारी दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।


मोजवी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के दोस्ती नगर गांव निवासी नसरत ने अपनी छोटी बेटी मोजवी का निकाह बीती 29 नवंबर-23 को आसीवान थानाक्षेत्र के पाठकपुर (पटकापुर) निवासी रफखार के बेटे जब्बाद से किया था। दामाद कानपुर में किराए पर कमरा लेकर कपड़ा सिलाई का काम करता है। बीते शुक्रवार वह पत्नी को ससुराल से विदा करा लाया था। ससुरालियों के अनुसार, सोमवार शाम मोजवी का शव घर के अंदर फंदे लटकता मिला। दामाद ने इसकी जानकारी अपने ससुर को दी। सूचना पर पहुंचे पिता ने बताया कि शादी के बाद से दहेज कम लाने को लेकर ससुराल वाले बेटी को प्रताड़ित करते थे और दहेज में बाइक मांग रहे थे। बताया कि ससुराल वालों ने पुलिस को सूचना नहीं दी। वे लोग पहुंचे तो बेटी का शव बेड पर पड़ा था और उसके गले में खरोंच के निशान के साथ ही चूड़ियां भी टूटी पड़ी थीं। उसका मोबाइल बेड के नीचे पड़ा था। पिता ने आरोप लगाया कि बेटी को मारने के बाद शव फंदे से लटकाकर फांसी का रूप दिया गया है। मायके वालों की सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच की। मामला नवविवाहिता की मौत से जुड़ा देख अधिकारी को सूचना दी गई। पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया गया। हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। मौत से मां तरीकुन, बहनें शबीना, रुबीना, भाई नसुरुद्दीन व शैफ अली बेहाल रहे।


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद गमगीन परिजन। अमृत विचार


पंचायत भवन में किसानों द्वारा बंद किये गए मवेशी। अमृत विचार

# पंचायत भवन में बंद किये 20 मवेशी

**आसीवन।** विकासखंड मियागंज क्षेत्र के गांव चकबरेसर के मजरा भोपाल खेड़ा में आवारा मवेशियों से परेशान किसानों का सब्र टूट गया और उन्होंने क्षेत्र में घूम रहे ऐसे करीब 20 मवेशियों को पंचायत भवन में ले जाकर बंद कर दिया। क्योंकि वे उनके खेतों में खड़ी फसल को चट कर रहे थे।

पहले तो किसानों ने मवेशियों को एकत्र कर पंचायत भवन में बंद कर दिया फिर प्रधान के साथ ब्लाक के अफसरों को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची सचिव प्रतिमा वर्मा ने मवेशियों को गौशाला मियागंज, चकबरेसर व कनिगांव में संरक्षित कराया है।

# विज्ञान मॉडल पर बच्चों ने लूटी वाहवाही

संवाददाता, बांगरमऊ-उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर के संडीला मार्ग स्थित माया इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को दि विजन आफ इनक्रेडिबल माइंड विषय पर भव्य प्रदर्शनी आयोजित हुई। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राओं ने विज्ञान पर आधारित आधुनिक माडल प्रदर्शित कर अभिभावकों व दर्शकों की जमकर वाहवाही लूटी।

तहसील कार्यालय के सामने संडीला रोड स्थित माया इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित प्रदर्शनी में रामलला मंदिर राष्ट्रीय धरोहर, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व वन्य जीव संरक्षण पर बच्चों ने निर्मित माडल और उससे संबंधित भाषण आकर्षण का केंद्र रहे। इसके अलावा अभिभावकों व दर्शकों ने छात्र अंश गुप्ता द्वारा निर्मित माडल आदित्य एल-1 राकेट, वंशिका गुप्ता के स्वचालित फव्वारा, आयुषी पाल के स्वशन तंत्र कार्य प्रणाली, अमान के चिड़ियाघर, छात्र कृष्णा कुशवाहा के तेजस लड़ाकू विमान व चंद्रयान माडलों की खूब सराहना की। अंत में विद्यालय प्रबंधक माया प्रकाश गुप्ता ने बच्चों व माडल निर्माण का प्रशिक्षण देने के लिए विद्यालय की प्रधानाचार्या अनुपमा वैस को पुरस्कृत किया।


विभिन्न वैज्ञानिक माडलों के साथ बच्चे। अमृत विचार

# पंचायत भवन की जमीन पर कब्जे की शिकायत

**नवाबगंज।** विकासखंड क्षेत्र के गांव केवाना में खाली पड़ी पंचायत भवन की भूमि पर दबंगों द्वारा कब्जा करने की शिकायत प्रधान ने एसडीएम से करते हुए इसे रुकवाने की मांग की है। प्रधान प्रतिनिधि रजनीश साहू ने बताया कि गांव की 7 बिसुआ जमीन जो केवाना रोड पर है और पंचायच भवन के लिये आंवटित है। इस भूमि पर गांव के कुछ दंबग लोग कब्जा कर रहे हैं। जिसकी शिकायत एसडीएम से करते हुए अवैध कब्जा रुकवाने की मांग की है। इस संबध में लेखपाल शशांक कुमार ने बताया कि जानकारी हुई है। मौके की जांच कर रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी जाएगी।

## सार-संक्षेप

### जमीन के विवाद में चले लाठी-डंडे, नौ पर एफआईआर

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सकटूपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर मंगलवार सुबह दो पक्ष आमने-सामने आ गये। जहां दोनों पक्षों से जमकर लाठी डंडें चले। जिससे कई लोग घायल हो गये। दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सन्नी ग्राम सभा के सकटूपुर गांव निवासी विजयशंकर और शत्रुघन के बीच काफी दिनों से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। उसी को लेकर दोनों पक्षों में मंगलवार सुबह गाली गलौज शुरू हो गई। विरोध करने पर दोनों पक्षों से लाठी डंडें निकल आये। काफी देर तक मारपीट होती रही। मारपीट में कई लोगों को चोटें आई। पुलिस ने विजय शंकर की तहरीर पर शिवमोहन, कल्लू, वीर पाल, होरीलाल व शत्रुघन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। वहीं शत्रुघन की तहरीर पर पुलिस ने राजू, लक्ष्मी शंकर, विजय शंकर, सोनू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिये भेजा है।

### समझौता न करने पर युवक को पीटा

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के मगरायर गांव निवासी युवक को एक मामले में सुलह की बात न मानने पर पिटाई कर दी गई। संदीप कुमार निवासी मगरायर ने बीघापुर पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पूर्व में लड़ाई- झगड़े का उसका एक मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसमें रामशंकर, जितेंद्र व धर्मेंद्र पुत्र रमाशंकर लगातार समझौते का दबाव बना रहे थे। मंगलवार सुबह वह दुकान से घर जा रहा था तभी रास्ते में तीनों भाइयों ने उसे रोककर मामले में सुलह करने का दवाब बनाया। जब उसने इसका विरोध किया तो उन लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर राहगीरों को आता देख तीनों उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले।

**डर न परवाह** 10 घनमीटर की रायल्टी पर 14 घनमीटर का हो रहा परिवहन

# मिट्टी लादकर खुलेआम दौड़ रहे हैं डंपर

संवाददाता, सोहरामऊ-उन्नाव

**अमृत विचार।** सोहरामऊ व आसपास क्षेत्र में मिट्टी लदे डंपर काल बनकर दौड़ रहे हैं। मानकों को दरकिनार कर जमकर अवैध परिवहन हो रहा है। कहीं डंपर में उनकी पहचान छुपाने के लिए नंबर प्लेट पर कालिख लगाइ जा रही है तो कहीं महिला द्वारा डंफर से घायल होने की तहरीर असोहा पुलिस को दी जा रही है। ग्रामीणों व बच्चो का घरों से निकलना दूभर है। ग्रामीणों द्वारा खननकर्ताओ व प्रशासन से सेटिंग-गेटिंग की चर्चा जोरों पर है।

असोहा थानाक्षेत्र के नरसिंह पुर गांव में वैध मिट्टी खनन को लेकर विभागीय अधिकारियों द्वारा स्वीकृति दी गई है। उस खदान से खनन माफियाओं द्वारा सोहरामऊ क्षेत्र में भारी मात्रा में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा है। एक ओर कार्रवाई न होने से सरकारी राजस्व को रोज लाखों का चूना लगाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर कार्रवाई से बचने के लिए अनियंत्रित तरीके से दौड़ रहे डंपर लोगो की जान के दुश्मन बने हैं। ग्रामीणों ने सड़क व लोगों की सुरक्षा के लिए संबंधित अफसरों से खनन माफियाओं द्वारा चलाए जा रहे डंपरों के मानक में चलाए जाने की मांग की है।


लखनऊ-कानपुर हाईवे पर कट से निकलते डंपर की नंबर प्लेट पर लगी कालिख।

### कार्रवाई से बचने को नंबर प्लेट पर लगाई कालिख

अवैध परिवहन कर रहे वाहनों में उनके कागजात नहीं होते हैं। इनमें अफसरों द्वारा फोटो खींचकर उनका ऑनलाइन चालान होने से बचने के लिए नंबर प्लेट पर कालिख लगाई जाती है। ऐसे में हादसे कर वे आसानी से भाग जाते हैं। पुलिस से सेटिंग होने के चलते अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें बचा दिया जाता है।

### ग्रामीणों की जान जोखिम में

सोहरामऊ थानाक्षेत्र के सेमरा गांव निवासी एक युवक की मिट्टी लदे अज्ञात डंपर से कुछ महीनों पूर्व मौत हो चुकी है। तो वहीं दूसरी ओर बीते रविवार सोहरामऊ से मिट्टी खाली कर जा रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी थी। इसमें युवक व उसकी मां को गंभीर चोटें आई थीं। जिन्हें सीएचसी आसोहा से जिला अस्पताल रेफर किया गया था।

### बोले जिम्मेदार

सीओ हसनगंज संतोष सिंह ने बताया कि अगर कोई वाहन पहचान छुपाकर या नंबर प्लेट पर कालिख या किसी प्रकार से छेड़छाड़ करता है तो उस वाहन को सीज कर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। अवैध परिवहन के लिए जल्द अभियान चलाया जाएगा। अगर कोई शिकायत करता है तो त्वरित कार्रवाई होगी।

# सीवर टैंक में गिरा मवेशी, मौत

**शुक्लागंज उन्नाव।** पोनी रोड स्थित अवस्थी फार्म हाउस के पास एक मकान के सीवर टैंक में मवेशी गिर गया। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि उसे निकालने का प्रयास किया लेकिन बाहर नहीं निकल सका। इधर उसकी मौत हो गई। इसके बावजूद कोई जिम्मेदार वहां नहीं पहुंचा।

नगर के पोनी रोड स्थित अवस्थी फार्म हाउस के पास एक मकान के बाहर बने सीवर टैंक के पास एक मवेशी घूम रहा था। सीवर टैंक का ढक्कन खुला होने के कारण मवेशी उसके अंदर जा गिरा। आस पास के लोगों ने उसे निकालने का प्रयास किया लेकिन वह बाहर नहीं निकल सका। इधर टैंक के अंदर ही मवेशी ने दम तोड़ दिया। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि मवेशी के मरने की जानकारी पालिका प्रशासन को दी गई। इसके बावजूद कई दिन बीतने के बाद भी पालिका का कोई भी नुमाइंदा झांकने नहीं पहुंचा।

# पढ़ाना छोड़ वार्षिकोत्सव में पहुंचे शिक्षक

संवाददाता, फतेहपुर चौरासी-उन्नाव

- जवाब देने के बजाय बीईओ उपलब्धियां गिनाने लगे

**अमृत विचार।** क्षेत्र के एक परिषदीय विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव में अन्य विद्यालयों के शिक्षकों का विद्यालय समय में पहुंचना लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। इसे लेकर जब खंड शिक्षाधिकारी विमल श्रीवास्तव से जानकारी की गई तो वे इस पर कोई उत्तर नहीं दे सके और कार्यक्रम की उपलब्धियां गिनाने लगे।

स्कूल शिक्षा के महानिदेशक ने सभी परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को अभिभावकों के साथ सामंजस्य बनाकर वार्षिकोत्सव करने का निर्देश दिया था। जिसे लेकर सभी परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को जनवरी माह के चौथे सप्ताह में ही अपने सेवित क्षेत्र के अभिभावकों के साथ बैठक कर छात्रों के गुणों आदि से संबंधित वार्तालाप करने के निर्देश दिए गए थे। मंगलवार को क्षेत्र के प्रावि लवानी में वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया था। जिसमें उस विद्यालय के शिक्षकों के साथ-साथ करीब एक दर्जन अन्य विद्यालयों के शिक्षक भी मौजूद थे। जिसे लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं रहीं। टाइम एंड मोशन शासनादेश के तहत कोई भी शिक्षक अपने शिक्षण समय में विद्यालय परिसर को छोड़ नहीं सकता है। ग्रामीणों की मानें तो विद्यालय में शिक्षण के समय शिक्षक विद्यालय छोड़कर अन्य विद्यालय के वार्षिकोत्सत्सव में शामिल हो रहे हैं। ऐसे मंक उन विद्यालयों के अनुपस्थिति में छात्रों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी। इसे लेकर बीईओ विमल प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उन्हें वार्षिकोत्सव में बुलाया गया था। वहीं अन्य विद्यालयों के शिक्षकों का शिक्षण समय में वहां पहुंचने की बात पर वे सन्तोषजनक उत्तर नहीं दे सके। जबकि वह भी उस कार्यक्रम में मौजूद थे।



वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

# सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत, 14 हुए घायल

## एक्सप्रेस-वे पर ट्रक पलटने से बिखरे तारकोल के ड्रमों से टकराए कई वाहन, बाइक से कालेज जाते समय कंटेनर काल बनकर आया

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** सोहरामऊ थाना अंतर्गत कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत हो गई। पुरवा में आपस में टकराने के बाद दो बाइकें ट्रक के नीचे घुस गईं। इसमें एक युवक की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य घायल हो गया। वहीं, आसीवन थानाक्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई।

इसके अलावा बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में तालकोल के ड्रम लेकर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस-वे पर पलट गया। इससे उनमें लदे ड्रम रोड पर बिखर गए। ड्रमों से कई वाहनों के टकराने से उसने सवार 12 लोग घायल हो गए। वहीं आसीवन में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया।


एक्सप्रेस-वे से तारकोल के ड्रम हटाता कर्मचारी। अमृत विचार

**सोहरामऊ।** थानाक्षेत्र के रुदवारा गांव निवासी पवन राजपूत (20) मंगलवार सुबह अजगैन कोतवाली क्षेत्र स्थित एक महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष की फीस जमा करने

**केस 01**

जा रहा था। तभी सोहरामऊ थानांतर्गत लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित आशाखेड़ा-मदारीगढ़ी गांव के सामने तेज रफ्तार कंटेनर ने पीछे से उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। उसे एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां जांच के बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बड़े भाई रविंद्र ने बताया कि पवन मुंबई में रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। 10 दिन पहले वह घर लौटा था और बीए प्रथम वर्ष में दाखिला लिया था। वह छह भाइयों में छोटा था। एक बहन विवाहित है। बेटे की मौत की सूचना पर मां रामरानी व पिता छोटेलाल बेसुध हो गए। एसओ कमल दुबे ने बताया कि मौके से कंटेनर को जब्त किया गया है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**केस 02**

माखी थानांतर्गत हमीरपुर के बजेहरा गांव निवासी दीपक उर्फ लव कुमार (28) पुत्र रामचंद्र मंगलवार को बाइक से कहीं जा रहा था। आसीवन थानांतर्गत रसूलाबाद कस्बा स्थित एक पेट्रोलपंप के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक चला रहा युवक गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे मियागंज सीएचसी लाई। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मोबाइल में मिले नंबर से परिजनों को जानकारी दी गई। सूचना पर परिजन सीएचसी पहुंचे और शव देख बिलख उठे। उसकी मौत से छोटा भाई अंकुश, बहनें रश्मि, अंकिता व मां रामकांति रो-रोकर बेहाल रहीं।

- पुलिस ने अवरोध बने ड्रमों को हटा यातायात सुचारु किया


पुरवा में हादसे के बाद ट्रक में घुसी बाइकें।

**केस 03**

बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के गांव बेहटा भवानी निवासी अशोक (40) कस्बे की एक ज्वैलर्स शाप में काम करता था। मंगलवार शाम वह बाइक से अपनी ससुराल मौरावां कस्बे के मोहल्ला चौधरीयन टोला जा रहा था। तभी पुरवा-मौरावां मार्ग स्थित मिर्री चौराहा के पास सामने से आई दूसरी बाइक से उसकी बाइक टकरा गई। दूसरी बाइक रवी निवासी ओमनगर बछरावां जिला रायबरेली चला रहा था। टक्कर के बाद दोनों चालक बाइक सहित मौरावां की ओर गैस सिलिंडर लादकर आ रहे ट्रक के पहिए के नीचे आ गए। इसमें अशोक की मौके पर मौत हो गई। वहीं रवि को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकला। अशोक करीब तीन साल से मौरावां नगर स्थित अपनी ससुराल में रहता था। उसकी मौत की सूचना से पत्नी कामिनी व मां रामकुमारी बेहाल हैं। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि ट्रक को कोतवाली में खड़ा कराया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**केस 04**


राजस्थान के अजमेर जिला अंतर्गत नसीराबाद थानाक्षेत्र के मानेवाड़ा गांव निवासी चालक दीपक पुत्र ऊषाराम ट्रक में तारकोल के ड्रम लादकर गुजरात से गुवाहाटी जा रहा था। मंगलवार भोरपहर बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर जोगीकोट गांव के पास अचानक ट्रक डिवाइडर से टकराकर दूसरी लेन में पलट गया। इसमें ट्रक पर लदे ड्रम दोनों लेन पर बिखर गए। इसी दौरान तेज गति से आ रहे अन्य वाहन बिखरे ड्रमों से टकरा गए। इसमें विशाल यादव पुत्र हरिनारायण निवासी थाना व कस्बा केशहा जिला कुशीनगर, नीरज पुत्र एसके सिंह निवासी गोमतीनगर लखनऊ, अनुज शर्मा पुत्र हीरालाल, अनिल गुप्ता पुत्र सत्य नारायण निवासी राजाजी पुरम लखनऊ, कार्तिकेय अग्रवाल पुत्र मनोहर निवासी सुल्तानपुर, प्रभाकर पुत्र प्रकाश निवासी समस्तीपुर बिहार, बृजलाल पुत्र जयप्रकाश निवासी आजमगढ़ सहित नौ छोटे- बड़े वाहन क्षतिग्रस्त होने से 12 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने सड़क पर बिखरे ड्रमों व क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर आवागमन बहाल कराया। एंबुलेंस पर मौजूद चिकित्सा कर्मियों ने घायलों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें रेफर कर दिया।

**केस 05**

औरास थानाक्षेत्र के गांव नेवरा उदय निवासी सुरेंद्र (50) पुत्र छून्नू किसी काम से मियागंज कस्बा जा रहा था। तभी हैदराबाद कस्बा स्थित हरी चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से डाक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पैर फिसलने से पेड़ से टकराया किसान, मौत

**उन्नाव।** माखी थानाक्षेत्र के गांव सदमपुर निवासी रामदयाल (45) पुत्र हीरालाल खेती करता था। मंगलवार को गांव से डेढ़ किमी दूर पावा बजार सब्जी खरीदने गया था। बाजार में बने पक्के चबूतरे से उसका पैर अचानक फिसल गया और संतुलन बिगड़ने से वह सामने लगे पेड़ से टकरा गया। इसमें उसके चेहरे और सिर पर गम्भीर चोट आ गई। पुलिस व परिजन उसे निजी अस्पताल लाए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।


मरम्मत करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

# जंफर की मरम्मत से तीन फीडरों की बिजली गुल

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

- दोपहर दो बजे शाम पांच बजे तक ठप रही विद्युत आपूर्ति उपभोक्ता परेशान

**अमृत विचार।** अनुरक्षण माह को लेकर मंगलवार को बिजली विभाग ने मेंटीनेंस का कार्य किया। इसके साथ ही कई मोहल्लों में रखे ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण लो वोल्टेज की समस्या बनी रही। जिससे लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। बिजली न आने से इलेक्ट्रानिक उपकरण शो पीस बने रहे।

बिजली विभाग के निर्देश पर मंगलवार को बिजली कर्मियों की टीम ने अनुरक्षण माह के तहत मेंटीनेंस का कार्य किया। जहां ग्यारह हजार लाइन के जंपरों की मरम्मत की गई। जिस कारण फीडर दो, तीन, पांच की मरम्मत की गई। इस दौरान तीनों फीडरों की दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक बिजली बंद रही। बिजली न आने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। इसी तरह तीनों फीडरों के ट्रांसफार्मरों की मरम्मत का कार्य किया गया। वहीं गांधी नगर, रशीद कालोनी, सुभाष नगर, अंबिका पुरम समेत करीब आधा दर्जन मोहल्लों में एक फेस न आने से एक हजार घरों की बिजली गुल रही। इसके साथ ही बिजली कटौती होने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी।

# किशोरी से छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** माखी थानाक्षेत्र में किशोरी से हुई छेड़छाड़ के मामले कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए आरोपी युवक को दोषी ठहराते हुए तीन साल की सजा के साथ 42 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

बता दें कि 11 जनवरी-15 को माखी थानाक्षेत्र के एक गांव में बहन के साथ खेत से लौट रही किशोरी से अश्लील फब्तियां कसने के बाद गांव के युवक ने छेड़छाड़ की थी। घर पहुंचकर किशोरी ने परिजनों को इसकी जानकारी दी थी। पीड़िता के पिता ने माखी पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी बेटी अपनी बहन के खेत गई थी। तभी गांव के युवक सौरभ तिवारी ने रास्ते में उसकी बेटी से अश्लील फब्तियां कसीं। बेटी के विरोध पर उसे पकड़ लिया और छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर गांव के लोग दौड़े तो युवक बेटी को पीटकर भाग निकला था।



- न्यायालय ने दोषी पर 42 हजार का अर्थदंड भी लगाया

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की मामले की जांच की थी। जांच अधिकारी तत्कालीन सीओ सफीपुर गोपीनाथ सोनी ने मामला सही मिलने पर उसके विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। इसमें शासकीय अधिवक्ता कविता सिंह की दलील व प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने सौरभ को छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट में दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई।

# एएसपी के निर्देश के बावजूद नहीं हटा टेंपो स्टैंड और अतिक्रमण

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** सोमवार से शनिवार के बीच लगे भीषण जाम को देखते हुये शनिवार को एएसपी जाम की हकीकत देखने पहुंचे थे। जहां पोनी रोड तिराहे के पास खड़े आड़े तिरछे ई रिक्शे और टेंपो स्टैंड को हटवाने के निर्देश दिये थे। इसके साथ ही अतिक्रमण हटवाने को भी कहा था। चार दिन बीतने के बाद भी किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिससे राहगीरों को प्रतिदिन जाम का दंश झेलना पड़ रहा है।

पिछले सप्ताह कानपुर से लेकर शुक्लागंज के बीच प्रतिदिन भीषण जाम लग रहा था। जाम में मरीज भी फंसकर तड़प रहे थे। वहीं जगनी खेड़ा में रहने वाला एक युवक जाम में फंसकर बेहोश हो गया था। इस समस्या को प्रतिदिन आपके अपने अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसे उन्नाव डीएम अर्पूवा दुबे और एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने संज्ञान में लिया और शनिवार को एएसपी अखिलेश सिंह को मौके पर भेजा। जहां उन्होंने जाम लगने के कारणों को देखा और नवीन पुल पर जाकर हकीकत देखी। जहां पोनी रोड तिराहे पर आड़े तिरछे टेंपो और ई रिक्शा खड़े मिले। इसके साथ ही पुल के रास्ते पर अतिक्रमण देखने को मिला। जिस पर उन्होंने टेंपो स्टैंड को द्वारिका मोहिनी के पास शिफ्ट करने के निर्देश गंगाघाट कोतवाली प्रभारी को दिये थे। चार दिन बीतने के बाद भी टेंपो स्टैंड शिफ्ट नहीं हुआ और न ही अतिक्रमण हटवाया गया। जिससे इधर दो दिनों से नवीन पुल पर जाम लग रहा है। कानपुर आने जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है।


पोनी रोड तिराहे के पास आड़े तिरछे खड़े वाहन। अमृत विचार

**बोले जिम्मेदार**

अतिक्रमण अभियान को लेकर लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन से बात हुई है। एसडीएम सदर से बात करने के बाद जल्द ही फोरलेन के दोनों ओर अतिक्रमण अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया जायेगा।

-मुकेश कुमार मिश्रा, ईओ, नगर पालिका गंगाघाट

# डीसीपी लिखी कार विपरीत लेन में घुसी, लगा जाम

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** मंगलवार सुबह पीक आवर में नवीन पुल पर एक बार फिर जाम की स्थिति बनी रही। जिससे आने जाने वाले लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। जाम हटवाने के लिये पुलिस भी परेशान रही। वहीं दोपहर के समय बैराज मार्ग पर लखनऊ डीसीपी लिखी एक कार जल्दबाजी में निकलने लगी। जिससे दोनों ओर का यातायात रुक गया। इस दौरान एक घंटे तक राहगीर जाम में फंसे रहे।

नवीन पुल से लोगों को जाम से निजात मिलती दूर दूर तक नहीं नजर आ रही है। मंगलवार को भी सुबह के समय नवीन पुल पर जाम लगा रहा। जिससे कानपुर ड्यूटी जाने वालों के अलावा स्कूली बच्चे जाम में फंसे रहे। मौजूद पुलिस जाम हटवाने के लिये काफी मशक्कत करती रही। इसके बावजूद संकरे और वाहनों का अधिक भार होने से जाम लगा रहा। दोपहर में वाहनों का भार कम हुआ। इसके बाद यातायात सामान्य हो सका। वहीं बैराज मार्ग स्थित सरैयां क्रासिंग से दोपहर करीब एक बजे अप और डाउन लाइन से ट्रेनें गुजरी। जिससे कुछ देर के लिये क्रासिंग बंद रही। जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। क्रासिंग खुलने के बाद वाहन सवार जल्दबाजी में निकलने लगे। जिससे भीषण जाम लग गया। तभी कानपुर से लखनऊ की ओर जा रही डीसीपी लिखी कार के चालक ने गलत दिशा में कार को मोड़ जल्दबाजी में निकालने का प्रयास किया। जिससे जाम और तीखा हो गया। जाम को देख पहुंचे गेटमैन ने किसी तरह आड़े तिरछे वाहनों को हटवाया। इस दौरान एक घंटे जाम की स्थिति बनी रही।


बैराज मार्ग पर लगे जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

- आड़े तिरछे वाहन निकलने से बैराज पर लगा घंटों जाम, पुल पर रेंगे वाहन

# हत्या में पुलिस ने तीन को हिरासत में लिया

संवाददाता, बांगरमऊ-उन्नाव

- नामजद आरोपी पहले ही गया जेल, हत्या में अन्य के भी शामिल होने का शक

**अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र निवासी युवक की वजनदार वस्तु से हमला कर की गई हत्या के मामले में नामजद आरोपी को पुलिस ने पहले ही जेल भेज दिया था। लेकिन पुलिस को शक है कि युवक की हत्या करने में अन्य लोग भी शामिल रहे हैं। इसके चलते पुलिस नामित आरोपी के साथ घटना से पूर्व दिखे तीन युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है।

बता दें कि फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के सकरौली गांव के मजरा नयनसुख खेड़ा निवासी श्याम किशोर (28) बीती गुरुवार रात घर से निकला था। जिसकी हत्या कर उसका शव बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के मल्हपुर गांव से 200 मीटर दूर गांव सकरौली मार्ग किनारे फेंक दिया गया था। भाई विमल किशोर ने उसके साथी वीरेंद्र निवासी गांव सकरौली के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रविवार रात सकरौली गांव के पास से आरोपी वीरेंद्र को पकड़ा गया था। पुलिस को शक है कि वारदात में वीरेंद्र के साथ अन्य लोग भी थे। जांच के दौरान वीरेंद्र के साथ तीन युवक शराब ठेके पर गए थे। इसके फुटेज भी पुलिस को मिले थे। नयनसुख खेड़ा से दो व पड़ोसी गांव सकरौली से एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# किशोर ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**जहानाबाद।** कुल्लीहार मजरे सरांयहोली गांव निवासी रामसागर के 15 वर्षीय पुत्र हिमांशु ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों ने बताया कि सोमवार की रात खाना खाकर मकान के उपर बने कमरे में सोने चला गया था और मोबाइल साथ में लिए था। मंगलवार की सुबह देर तक वह कमरे से नहीं निकला तो परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो हिमांशु छत के पाइप में फंदे से फांसी पर लटका हुआ था।

# विद्यालय और घर को चोरों ने बनाया निशाना

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** दो अलग-अलग थानाक्षेत्रों में चोरों ने जमकर धमाचौकड़ी मचाई। इसमें बिहार कंपोजिट विद्यालय का ताला तोड़कर चोरों ने रसोई में रखा सारा सामान पार कर दिया। वहीं हसनगंज क्षेत्र के गांव न्योतनी स्थित मौला बाकीपुर में एक घर से चोरों ने तांबे व पीतल के बर्तनों समेत जेवरात भी पार कर दिया। पुलिस ने जांच कर खुलासे की बात कही है।

**केस 01**

**पाटन।** बिहार थानांतर्गत कंपोजिट विद्यालय बिहार में कार्यरत इंचार्ज शिक्षक गिरीश प्रताप सिंह ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि सोमवार को छुट्टी के बाद विद्यालय बंद करा दिया गया था। मंगलवार सुबह विद्यालय के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। संदेह होने पर सभी कमरों व सामान की जांच की गई तो रसोई घर का ताला भी टूटा मिला। वहीं रसोई में रखी स्टील की 4 बड़ी टंकी, एक गैस सिलिंडर, एक स्टील की बड़ी परात, आठ स्टील थाली, छह स्टील की बड़ी प्लेट, चार स्टील की हाफ प्लेट, एक प्रेशर कुकर, चार कटोरी, एक स्टील ट्रे आदि सामान गायब मिला। रसोई घर में शराब की खाली बोतल, सिगरेट व माचिस पड़ी मिली है। प्रभारी निरीक्षक शिव प्रकाश पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। चोरों को जल्द पकड़ा जाएगा।



**केस 02**

हसनगंज क्षेत्र के न्योतनी स्थित मौलाबाकीपुर गांव चौक निवासी राजकुमारी पत्नी राजेश सिंह ने हसनगंज कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि पांच फरवरी की रात चोरों ने उसके कच्चे घर के मुख्य दरवाजे व कमरे का ताला तोड़ दिया। वहां से चोर तांबे व पीतल के बर्तन और सोने चांदी के गहने समेत पांच हजार नगद भी उठा ले गये। बताया कि वह परिवार सहित बगल में बने दूसरे मकान मे सो रही थी। सुबह जब वह दूसरे घर गई तो देखा कि वहां का दरवाजा व कमरे का ताला टूटा था। हसनगंज पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू की है। कोतवाली प्रभारी राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर मिली है। आसपास गांव के संदिग्ध लोगों को पकड़कर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।


**सुस्ती पड़ रही भारी** मिश्रा कॉलोनी से लेकर जाजमऊ तक गंगा में गिर रहे छोटे-बड़े नाले

# तय समय में तैयार नहीं हो सके एसटीपी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगा का स्वच्छ और निर्मल रखने के लिये गंगाघाट क्षेत्र के डकारी और अहमद नगर मुन्नू बगिया में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माणाधीन है। समय अवधि पूरी होने के बावजूद अभी तक दोनों स्थानों पर एसटीपी का कार्य पूरा नहीं हो सका है। जिससे मिश्रा कॉलोनी से लेकर जाजमऊ तक कई छोटे बड़े नाले सीधा गंगा में गिर रहा है। जो स्नानार्थियों की आस्था को ठेस पहुंचा रहे हैं।

नमामि गंगे परियोजना के तहत डकारी गांव में 38 करोड़ की लागत से पंद्रह एमएलडी का कानपुर रीवर मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड संस्था की ओर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनवाया जा रहा है। इसके साथ ही अहमद नगर मुन्नू बगिया के पास 3 बीघा 8 बिस्वा जमीन पर एसटीपी लगभग 35 करोड़ की लागत से पांच एमएलडी का एसटीपी बनवाया जा रहा है। माघ मेला को देखते हुये सूबे के मुखिया ने कार्य को तेजी करके माघ मेले से पहले काम पूरा करने के निर्देश दिये थे। जिस पर जल निगम ने 23 दिसंबर की डेड लाइन कानपुर रीवर मैनेजमेंट प्रा० लि० कार्यदायी संस्था को दिया था। डेड लाइन पूरी होने के बाद भी कार्य पूरा नहीं हो सका। जिस पर कानपुर आये प्रमुख सचिव ने इसे संज्ञान में लिया था और कार्यदायी संस्था को फटकार लगाते हुये 31 मार्च तक कार्य पूरा करने के निर्देश दिये थे।


अधूरा पड़ा एसटीपी। अमृत विचार

### डकारी एसटीपी का मंत्री कर चुके हैं निरीक्षण

डकारी में बन रहे एसटीपी का दो बार जल शक्ति मंत्री ने निरीक्षण किया और जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिये थे। इसके साथ ही केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल भी निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था को कार्य पूरा करने को कहा चुके हैं। इसके बावजूद अभी तक काम पूरा नहीं हो सका है।

- नमामि गंगे परियोजना के तहत हो रहे तैयार

**बोले जिम्मेदार**

इंद्रा नगर एमएलडी का अस्सी फीसदी काम हो चुका है। कार्यदायी संस्था को दिसंबर में कार्य पूरा करने के निर्देश दिये गये थे। प्रमुख सचिव ने इसकी संज्ञान में लिया है। कार्यदायी संस्था को 31 मार्च तक काम पूरा करने के निर्देश दिये हैं। वहीं इंद्रा नगर एसटीपी में मैकेनिकल काम बचा है।

-अंकुर सक्सेना, जेई, जल निगम, उन्नाव

# बिना शक्ति के शक्तिमान भी कुछ नहीं कर सकता

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** पोनी रोड स्थित श्री राधाकृष्ण दुर्गा मंदिर में चल रही श्रीमद् देवी भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास ने देवीभागवत की कथा का बखान किया। जहां शुकदेव की कथा सुन मंदिर परिसर में मौजूद श्रोता भाव विभोर हो गये।

मंगलवार को कथा आगे बढ़ाते हुये पं. शिवकुमार दीक्षित ने कहा कि शक्ति की कृपा सदैव सभी पर रहती है। बिना शक्ति के शक्तिमान भी कोई कार्य नहीं कर सकता है। सबसे जल्दी द्रवित मां ही होती है। हम सभी मां के बालक हैं। सभी प्रकार से मां पर ही निर्भर है। कथा में भीष्म प्रतिज्ञा की व्याख्या करते हुए व्यास ने कहा कि अपने पिता का विवाह मत्स्यगंधा से करने में स्वयं प्रतिज्ञा की कि वह कभी विवाह नहीं करेंगे श्री वेदव्यास जी ने गौरैया पक्षी को अपने बच्चों के साथ प्यार करते देखकर कामना की कि हमारे भी पुत्र होता तो हम भी बच्चों को प्यार करते क्योंकि पुत्र के बढ़कर और कोई सुख जीवन में नहीं है। उनके तेज से सुखदेव जी प्रकट हुए बड़े होने पर विवाह से इनकार किया वेदव्यास ने शुक देव को ज्ञान देने हेतु जनक राजा के पास बुलाया। इस मौके पर पंडित अभिषेक तिवारी, उत्कर्ष त्रिवेदी, सर्वेश मिश्रा, राकेश, कमल दोसर, मीना दोसर, आशुतोष मिश्रा, दीपक सिंह, माधुरी रस्तोगी मौजूद रही।


कथा कहते पं. शिवकुमार दीक्षित।

## सार-संक्षेप

### बीमारी से परेशान युवती गंगा में छलांग लगाने पहुंची

**शुक्लागंज-उन्नाव।** कानपुर निवासी एक युवती काफी दिनों से पेट की बीमारी से परेशान थी। जिस पर मंगलवार दोपहर वह नवीन गंगापुल पर पहुंची। जहां पुल की रेलिंग पर चढ़कर गंगा में छलांग लगाने जा रही थी। तभी वहां से गुजर रहे राहगीरों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। कानपुर के रिजवी रोड निवासी रुख्सार (22) मंगलवार दोपहर तीन बजे नवीन गंगापुल पर पहुंची। वहां कुछ देर टहलने के बाद वह पुल की रेलिंग पर चढ़ गई। यह देख पुल से गुजर रहे लोगों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस उसे कोतवाली लाई और उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना पर उसकी मां शरबरी व भाई मेराज कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने बताया कि रुख्सार के पेट में गंभीर बीमारी है। जिसकी वह कई साल से दवा खा रही है। उसी से परेशान होकर वह गंगा में छलांग लगाने पहुंची थी। पुलिस ने उसे समझा-बुझाकर परिजनों के साथ भेज दिया।

### अग्निवीर का पार्थिव शरीर पहुंचा गांव

**फतेहपुर।** फरवरी 2023 में सेना की अग्निवीर योजना तहत भर्ती हुए एक जवान की बीमारी के दौरान रविवार को कमांड हॉस्पिटल महाराष्ट्र में इलाज के दौरान मौत हो गई। शव गांव लाया गया तो मातम पसर गया। प्रयागराज से आई टीम 264 कम्पनी आर्मी सप्लाई कोर टाइप-सी की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार किया गया। मलवां विकास खण्ड के महमूदपुर गांव निवासी चन्द्रजीत सिंह उर्फ झल्लू यादव के पुत्र आशीष कुमार जो अपने दो भाई व एक बहन के बीच सबसे बड़े थे। फरवरी 2023 में सेना में अग्निवीर योजना के तहत भर्ती हुआ था। आशीष की तैनाती देवलाली नासिक में थी। परिवार में छोटी बहन संध्या, भाई सौरभ और माता पिता हैं। इधर परिजनों को पांच जनवरी को फोन द्वारा सूचना मिली कि आशीष तेज बुखार से पीड़ित है। सूचना पर मां पिता ट्रेन द्वारा ड्यूटी स्थल पहुंचे थे। चार फरवरी को उनके निधन होने की खबर आई तो गांव में मातम पसर गया। ग्रामीणों ने बताया कि दोपहर में शव एंबुलेंस से घर पहुंचा। सैनिक का अन्तिम संस्कार सुबह 11 बजे सेना के जवानों के बीच हुआ। इस दौरान प्रयागराज से आई टीम 264 कम्पनी आर्मी सप्लाई कोर टाइप-सी से टीम कमांडर नायब सूबेदार अशोक कुमार, नायब सूबेदार वीए विजय कुमार, आरएचएम विपिन कुमार, हवलदार जितेन्द्र, हवलदार जितेन्द्र आदि रहे।

## गांव के विद्यालयों में होंगे रोबोट, दिन में दिखेंगे तारे

**जीशान कदीर, लखनऊ :** यूपी में गांव के बच्चे अब रोबोट बनाकर दिन में तारों के नजारे ले रहे हैं। सुनकर कुछ अटपटा सा लग रहा है, पर है सौ फीसद सच। मेरठ के रहने वाले बीटेक के छात्र ने प्रदेश के दर्जन भर उच्च प्राथमिक विद्यालयों में जो कर दिखाया है, उसके सहारे छात्रों ने छोटे-छोटे रोबोट ही नहीं टेलिस्कोप भी बना डाले हैं। गांव में मेधाओं को तैयार करने वाले इस नौजवान का हुनर देखकर अमेरिकन सेंटर के वैज्ञानिकों ने कुछ नया करने के लिए आमंत्रण भी लिख भेजा है।

मेरठ निवासी बीटेक छात्र आशुतोष वशिष्ठ बताते हैं कि एक वर्ष पूर्व उन्होंने मेरठ के मोहिद्दीनपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्मार्टक्लास स्थापित किया। जिसमें बच्चों को रोबोटिक जोन, स्पेस लुक, टेलिस्कोप के सहारे विशेष जानकारियां दी गईं। कहते हैं कि कुछ ही दिनों के भीतर गांव के बच्चों ने छोटे-छोटे रोबोट और टेलिस्कोप भी बनाने शुरू कर दिए। फिर क्या था, यहीं स्मार्टक्लास को अन्य जनपदों में स्थापित करने का कार्य शुरू किया गया।

### भाजपा के तीन बड़े मुद्दों में शामिल है यूसीसी, भाजपा आगामी आम चुनाव में समान नागरिक संहिता को बना सकती है चुनावी मुद्दा

# छोटे उत्तराखंड ने दिया पूरे देश को बड़ा राजनीतिक संदेश

संवाददाता, हल्द्वानी




**अमृत विचार:** यूसीसी विधेयक पारित होने के साथ ही उत्तराखंड पूरे देश में पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां यूसीसी बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। उत्तराखंड के यूसीसी को कानून बनने में अभी समय लगेगा लेकिन जल्द होने वाले लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड के यूसीसी का शोर हर जगह सुनाई देगा।



पुष्कर सिंह धामी ने चुनाव से पहले ही वादा किया था कि वह उत्तराखंड में यूसीसी लाएंगे। धामी ने अपना वादा पूरा कर दिया। भाजपा ने राम मंदिर और धारा 370 को खत्म करके अपने दो वायदे पूरे कर दिए हैं। उत्तराखंड ने यूसीसी की शुरूआत कर दी है। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा उत्तराखंड के यूसीसी को अपने चुनाव का हथियार जरूर बनाएगी। इसकी चर्चा अन्य राज्यों में भी की जाएगी। भाजपा शुरू से ही कहते आई है कि देश में समान नागरिक संहिता होना जरूरी है। उत्तराखंड एक छोटा राज्य है लेकिन यहां का यूसीसी पूरे देश में चर्चा का विषय बन रहा है।

यूसीसी को लेकर जो बात सामने आई है वह यह है कि इससे मुस्लिम पुरुषों को धर्म के नाम पर विवाह और संपत्ति के अधिकार में जो अधिकार प्राप्त थे वह खत्म हो जाएंगे। मुस्लिमों ने यूसीसी का विरोध करना भी शुरू कर दिया है। राजनीति के लिहाज से समझे तो भाजपा की चुनावी तैयारियों को देखते हुये यह काफी फायदेमंद होगा। हालांकि यूसीसी में ऐसे भी प्रावधान है जिससे हर धर्म के पुरुषों पर लगाम लगाने की कोशिश की गई है। राज्य की लोकसभा सीटों की बात करें तो भाजपा पिछले लगातार दो साल से राज्य में पांचों लोकसभा जीत रही है। कांग्रेस के लिए वापसी की राह में यूसीसी नाम की एक और चुनौती आकर खड़ी हो गई है।

### जनजातियां बाहर तो कांग्रेस भी आई बैकफुट पर



**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कांग्रेस ने उत्तराखंड में यूसीसी का विरोध इसी बात पर किया है कि इससे जनजाति लोग प्रभावित होंगे। जनजाति समुदाय के अपने नियम होते हैं। वहां शादी, परिवार चलाने आदि में उनकी परंपराओं का बड़ा स्थान है। उत्तराखंड में जौनसारी, भोटिया और थारु प्रमुख जनजातियां रहतीं हैं। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी यूसीसी को लेकर पूर्व में बयान दिए थे और कहा था कि भाजपा जो यूसीसी ला रही है, उससे जनजाति समुदाय की रीति रिवाजों पर प्रभाव पड़ेगा। जनजाति समुदाय यूसीसी को स्वीकार नहीं करेगी। यूसीसी विधेयक से जनजाति समुदाय बाहर हैं। राज्य में इनकी आबादी करीब 2.5 प्रतिशत है। अब कांग्रेस के लिये जनजाति वाला मुद्दा ही नहीं रह गया है। भाजपा शुरू से ही मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को मुस्लिम तुष्टीकरण का हिस्सा मानती है।

# राममंदिर देश का गौरव, अब आ गया रामराज्य : खांडू

### अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बोले, अयोध्या में बनेगा अरुणाचल प्रदेश भवन, 70 सदस्यीय मंत्रिमंडल के साथ किए दर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** निर्माण संपूर्ण राष्ट्र के लिए गौरव की बात है। 500 वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद देश में रामराज्य आ गया है। ये बात आज मंगलवार को अयोध्या पहुंचे अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर कही। पत्रकारों से वार्ता में उन्होंने कहा कि अयोध्या में अरुणाचल प्रदेश भवन का निर्माण शीघ्र कराया जाएगा। इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भी लिखा गया है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार रामनगरी में अरुणाचल प्रदेश का प्रतीक चिह्न भी स्थापित करेगी इसका प्रयास किया जा रहा है। प्रतीक चिह्न का स्वरूप क्या होगा यह अभी तय नहीं लेकिन शीघ्र ही इसकी जानकारी सामने आयेगी। इससे पहले चार्टड प्लेन से मंगलवार को सुबह साढ़े 10 बजे यहां मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पहुंचे अरुणाचल प्रदेश के 70 सदस्यीय मंत्रिमंडल के सदस्यों का सांस्कृतिक अभिनंदन किया गया। संस्कृति विभाग के कलाकारों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वागत किया। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने यहां गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली।



विधायकों और मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री पेमा खांडू। अमृत विचार

**भाजपा नेताओं के साथ जिला प्रशासन ने की अगुवानी :** एयरपोर्ट पर राज्य अतिथियों के रूप में पहुंचे अरुणाचल प्रदेश के 70 सदस्यीय मंत्रिमंडल का स्वागत और अगुवानी भाजपा नेताओं समेत जिला प्रशासन ने की। स्वागत करने वालों में कृषि मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नीतीश कुमार, एसएसपी आर के नैय्यर मौजूद रहे। गार्ड ऑफ ऑनर के बाद राजकीय सम्मान के साथ मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के सदस्यों को अयोध्या में रामलला के दर्शन कराए गए।

### जन्मभूमि परिसर में 73 मिनट रहा 70 सदस्यीय मंत्रिमंडल

अरुणाचल प्रदेश से मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में मंगलवार को उनके मंत्री मण्डल के सहयोगियों सहित लगभग 55 विधायकगण व पांच वरिष्ठ अधिकारियों का दल श्रीरामजन्मभूमि परिसर में करीब 73 मिनट रहा। सबसे पहले मुख्यमंत्री फ्लीट के साथ गेट नम्बर 11 से दाखिल हुए उसके बाद तीन ई-बसों में मंत्रिमंडल के सदस्य। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पहुंचे दल ने यहां श्रीराम लला के दरबार में श्रद्धा निवेदित की। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय ने मुख्यमंत्री को मंदिर निर्माण, मंदिर की विशेषताएं आदि के बारे में जानकारी दी। खास बात यह रही कि इस दौरान आम श्रद्धालुओं का दर्शन नहीं रोका गया। दर्शन के बाद लौटते वक्त मुख्यमंत्री ने मीडिया को देख हाथ हिलाया। वहीं ई-बसों से में सवार मंत्रिमंडल के सदस्यों ने जय श्रीराम का उद्‌घघोष किया। यहां से मंत्रिमंडल सीधे एयरपोर्ट पहुंचा और निर्धारित अवधि से आधे घंटे विलम्ब से अरुणाचल के लिए रवाना हुए।

### सड़क मार्ग से आए उप मुख्यमंत्री

अरुणाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री चोउना मान सड़क मार्ग से आए। वो सीधे महर्षि बाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट अयोध्या धाम पहुंचे। जहां कृषि मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने उनका स्वागत किया। कुछ देर बाद मुख्यमंत्री और मंत्रीमंडल के सदस्य जहाज से पहुंचे। इसके बाद सभी रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुए।

## धर्मांतरण कराने वाले 10 लोगों को भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

- रेंदुआ पल्हरी स्थित चर्च में धर्मांतरण का खेल

**अमृत विचार :** राजधानी लखनऊ की सीमा पर सोमवार को रेंदुआ पल्हरी स्थित एक चर्च में महिलाओं व बच्चों को धर्म परिवर्तन कराने का भंडाफोड हुआ था। इस मामले में पुलिस ने 15 लोगों पर केस दर्ज कर 10 को जेल भेजा। वहीं पुलिस की जांच में इसमें शामिल और लोगों के नाम सामने आ रहे है। काफी समय से चल रहे इस खेल की भनक खुफिया तंत्र को नहीं हुआ। जबकि देवा अतिसंवेदन शील है तो अभी श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा और ज्ञानवापी को लेकर हाई अलर्ट भी था। मगर, देवा कोतवाली क्षेत्र में प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन कराने के बारे में खुफिया तंत्र को इसकी भनक तक नहीं लगी। ऐसे में एक बार फिर खुफिया तंत्र की उपयोगिता पर सवाल खडे.हो रहे है।

देवा कोतवाली के रेंदुआ पल्हरी मजरे चकहार में सेंट मैथ्यू कॉलेज स्थित है। इसी के पास नवीनता प्रेयर सेंटर व चर्च में एक पखवारे से बाहरी लोगों का आना-जाना लगा था। स्थानीय लोगों को लगा कुछ तो गडबड़ है। इसकी बारीकी से जानकारी कि तो पता चला कि प्रार्थना सभा के नाम पर लोगों का धर्मांतरण कराया जा रहा है। इसकी सूचना उच्चाधिकारी तो प्रशासनिक अमला हरकत में आ गए। आनन-फानन में पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। कॉलेज के फादर डोमिनिक पिंटू यह देख कर परेशान ही नहीं हुए अधिकारियों के सवालों के जवाब तक नहीं दे सके। अधिकारियों ने जाचं शुरू कि तो अयोध्या के महिलाओ और बच्चों समेत सवा दो सौ लोगो को उनके कब्जे से मुक्त कराया। मौके से 30 बाइबिल ग्रन्थ, 30 ईसाई शास्त्र, सात नया नियम पुस्तक, सात स्तुति भेंट पुस्तक आदि मिले।

## मोबाइल में पैटर्न लॉक, जांच को फॉरेंसिक लैब भेजा

**जज की मौत प्रकरण**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पुलिस यह मानकर चल रही है कि मोबाइल ही मौत का राज

**अमृत विचार :** महिला सिविल जज ज्योत्सना राय के मोबाइल फोन में पैटर्न लॉक लगा है, इसलिए पुलिस को मोबाइल से कोई भी जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने मोबाइल को जांच के लिए मुरादाबाद की फॉरेंसिक लैब भेजा है। पुलिस यह मानकर चल रही है कि मोबाइल ही अब महिला जज की मौत की गुत्थी सुलझाएगा। वहीं, पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद कई बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मंगलवार को आवास पहुंचकर नक्शा नजरी भी बनाई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भले ही हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई मगर पुलिस हत्या होने की बात मानकर ही जांच कर रही है।

जिला मऊ की तहसील घोसी क्षेत्र के गांव तराई डीह निवासी सिविल जज ज्योत्सना राय का शव 3 जनवरी को उनकेजजी कॉलोनी स्थित सरकारी आवास के कमरे में पंखे से लटका मिला था। महिला जज के पिता अशोक कुमार राय ने घटना वाले दिन कहा कि बेटी आत्महत्या नहीं कर सकती। उनकी तहरीर पर कोतवाली सदर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने हत्या मानकर जांच शुरू करते हुए महिला जज के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल को निकलवाया, लेकिन उसमें कोई सुराग नहीं लगा।

# यूसीसी से मुस्लिम महिलाओं के अधिकार होंगे मजबूत

नरेंद्र देव सिंह, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** यूसीसी सीधे तौर पर महिलाओं को प्रभावित करने वाला विधेयक है। जब यह कानून बनेगा तब राज्य में महिलाओं के अधिकार में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी होगी। कुछ संप्रदाय ऐसे हैं जिनमें पुरुषों को धर्म के आधार पर मौजूदा कानून से हटकर छूट मिलती है। कानून बनने के बाद इस तरह के सभी अधिकार खत्म हो जाएंगे।

एक बात से यूसीसी का महिलाओं के जीवन में महत्तव को समझा जा सकता है कि शादी किसी भी प्रथा और धर्म के आधार हुई हो लेकिन तलाक केवल न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर होगा। सीधे तौर पर कहें तो यूसीसी के कानून बनने के बाद सबसे ज्यादा लाभ मुस्लिम महिलाओं को मिलेगा। उन्हें तलाक का अधिकार देश की अन्य महिलाओं की तरह मिलेगा। साथ ही संपत्ति का अधिकार भी बराबर मिलेगा। यूसीसी में स्पष्ट तौर पर बहु विवाह पर रोक लगाई गई है। मुस्लिम समाज में पुरुषों को एक से अधिक विवाह करने की छूट है। यह भी देखने में आता है कि अन्य धर्म के कुछ लोगों ने एक से अधिक शादी करने के लिए अपना धर्म बदल लिया है।

यूसीसी कानून बनने के बाद मुस्लिम पुरुषों का यह अधिकार खत्म हो जाएगा। तीन तलाक पर तो पहले ही केंद्र ने ही रोक लगा दी है। साथ ही तलाक होने के बाद किसी मुस्लिम महिला को अगर दूसरी शादी करनी है तो कानून बनने के बाद वह भी अन्य महिलाओं को मिले प्रावधान के अनुसार करेगी। बेटियों की शादी के लिए उम्र का 18 साल का प्रावधान किया गया है और यह सब पर लागू किया गया है।

हालांकि यूसीसी के दायरे से जनजाति समाज को बाहर रखा गया है। ऐसे में यूसीसी की वजह से मिलने वाले किसी भी अधिकार का लाभ जनजाति समाज की महिलाओं को नहीं मिलेगा।


**संपत्ति में बेटियों को समान अधिकार :** संपत्तियों में भी बेटियों को बेटों के बराबर समान अधिकार दिया गया है। कानून बनने के बाद संपत्ति का बंटवारा किसी भी धार्मिक मान्यताओं के आधार पर नहीं होगा। चाहें बेटी किसी भी धर्म की हो, उसे संपत्ति में बेटों के बराबर हक मिलेगा।

### भारत में विवाह की 'मान्यता' को बचाने का प्रयास

भारत में विवाह में एक स्त्री और पुरुष के साथ रहने का अधिकार ही नहीं होता है साथ ही यह जन्म-जन्मांतर का रिश्ता माना जाता है। आधुनिक हो रहे समाज में विवाहोत्तर अवैध संबंध होने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं, जिससे विवाह शब्द की स्थापित मान्यता खतरे में पड़ रही है। यूसीसी के कानून बनने के बाद कोई भी स्त्री और पुरुष शादी के बाद अन्य किसी से संबंध बनाता हो तो यह तलाक तक का अधिकार होगा। साथ ही विवाह का रजिस्ट्रशन अनिवार्य करने का भी फायदा भविष्य में महिलाओं को ही ज्यादा मिलेगा।

- संपत्ति में अधिकार, तलाक सहित अन्य पर समान कानून, विवाह का रजिस्ट्रेशन भी कराया गया अनिवार्य

### बोले नेता



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। उन्होंने समान नागरिक संहिता लागू कर मिनी पाकिस्तान बनने से रोक दिया है। यह बिल पूरे देश के लिए नजीर बनेगा और एक-एक कर सभी राज्यों में लागू होगा। धर्म की आड़ में जो कानून जबरन थोपे जाते हैं, लोगों खासकर महिलाओं को उनका अधिकार मिलेगा।
–डॉ. प्रवीण तोगड़िया, अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद



भाजपा की नीयत सही नहीं है, यूसीसी के जरिए राजनैतिक लाभ लेना चाहती है। यदि यूसीसी जरूरी था तो इसको केंद्र से लागू करना चाहिए था, यहां विधेयक बनाकर दिखाया जाएगा कि राज्यों में लागू किया जा रहा है। यूसीसी क्या है कि यह भाजपा विधायकों को नहीं पता है। यूसीसी को पढ़ने व बहस के लिए पर्याप्त समय मिलना चाहिए। भाजपा की नीयत साफ नहीं है। –**करन माहरा**, प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस

## पूर्व विधायक अम्बेश कुमारी ने दिया इस्तीफा

**राठ (हमीरपुर)।** 24 साल से समाजवादी पार्टी की कर्मठ एवं जुझारू पूर्व विधायक व सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी डा.अम्बेश कुमारी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बताया कि इस्तीफा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के व्हाट्सएप पर भेज दिया है। अम्बेश कुमारी ने फोन पर अमृत विचार को बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की सोच दलितों एवं गरीबों के प्रति थी अब उस सोच से सपा पूरी तरह से भटक चुकी है। कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और सपा का कोई लक्ष्य न होने के कारण वह पार्टी की नीतियों से असंतुष्ट हैं। सूत्र बताते हैं कि आगे आने वाले समय में पूर्व विधायक अम्बेश कुमारी भाजपा की सदस्यता ले सकती हैं। बतादें कि पूर्व विधायक के पुत्र मृत्युंजय प्रताप सिंह सनी वर्तमान में जनपद महोबा के बैंदों पनवाड़ी सीट से जिला पंचायत सदस्य हैं। उन्होंने भी त्यागपत्र दिया पार्टी से।

**बढ़ेगा आत्मबल** | सरोजनीनगर स्थित न्यू पब्लिक कॉलेज जीत इंटर कॉलेज में स्मृति पवित्रीकरण कार्यक्रम का आयोजन

# मोबाइल के चलते बच्चे भूल रहे संस्कृति : करौली शंकर



कार्यक्रम को संबोधित करते करौली शंकर महादेव महाराज। अमृत विचार


साधना करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार।** स्वयं की प्रार्थना एवं संकल्प की परम ऊर्जा के माध्यम से रोग मुक्त भारत, शोक मुक्त भारत एवं ऋण मुक्त भारत को लेकर मंगलवार को मंगलवार को सरोजनीनगर स्थित न्यू पब्लिक कोलिजिएट इंटर कॉलेज में मंगवार को स्मृति पवित्रीकरण कार्यक्रम (मेमोरी प्यूरिफिकेशन प्रोग्राम एमपी2) आयोजित किया गया। इस मौके पर करौली शंकर (गुरूदेव) ने कहा कि स्वयं मे सुख की निरंतरता एवं समाधान तथा परिवार में समृद्धि, समाज में अभय, अस्तित्व मे सहक्रिया का वातावरण शारीरिक, मानसिक अध्यात्मिक रोगों व कष्टों से पूर्ण मुक्ति मिलेगी। इस कार्यक्रम के दौरान करौली शंकर (गुरूदेव) ने कहा कि भारतीय सभ्यता सर्वोपरि लेकिन टीवी एवं मोबाइल फोन के चलते हमारे बच्चे अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे है और उनमें बच्चों के कुरीतियां आ गई है।

पश्चिमी सभ्यता जितनी तेजी से आई है उतनी जेती से ही जाएगी। हम सब बच्चों के अन्दर से पश्चिमी सभ्यता को खत्म करने का प्रयास कर रहे है। उल्लेखनीय है कि करौली शंकर महादेव द्वारा कई प्रदेशों में आध्यात्मिक यात्रा के दौरान जब उनकी बच्चो से बात हुई तो बच्चों ने उनसे पढ़ाई से जुड़ी समस्याओं को लेकर चर्चा करते थे। जिसमे प्रमुख रूप से बच्चो में पढ़ाई में मन न लगना, पढ़ के याद न होना, याद किया हुआ भूल जाना, पढ़ाई करते समय घबराहट होना, पढ़ते-पढ़ते सो जाना, स्कूल और कॉलेज के कार्यक्रम में भाग न लेना। ऐसी सैकड़ों समस्या बच्चो में पाई जब गुरुजी को यह बात पता चली तो गुरुजी ने एक विशेष प्रोग्राम बच्चो के लिए बनाया जिससे बच्चो में ज्ञान, अध्यात्मिक, सामाजिक, व्यवहारिक ज्ञान व संस्कृति का विकास हो सके। जिससे वह अपनी जिंदगी में सुखी रहे।

# सुलतानपुर के शैलेश ने चांद पर खरीदा तीन एकड़ जमीन

संवाददाता, सुलतानपुर

- तीन एकड़ जमीन के लिए दिए मात्र 12 हजार रुपये

**अमृत विचार :** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के पूरे हेमसिंह (रामनगर द्वितीय) गांव निवासी व्यवसायी शैलेश सिंह ने चंद्रमा पर तीन एकड़ जमीन खरीदी है। उन्होंने लूना सोसाइटी से जमीन की रजिस्ट्री करवाई है। उन्होंने तीन एकड़ जमीन मात्र 12 हजार रुपये में खरीदा है।

लूना इंटरनेशनल लाइसेंस प्राप्त भूमि दावा बिक्री एजेंसी है। भूमि दावे की खरीद से प्राप्त आय लूना सोसाइटी द्वारा प्रशासित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को वित्तपोषित करने में मदद करती है। जिसमें चंद्रमा पर पहला गैर-सरकारी मानव मिशन शामिल है, साथ ही प्रत्येक ग्रेड स्तर पर छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए धन उपलब्ध कराना शामिल है। शैलेश के रजिस्ट्री दस्तावेज़ में वाष्प सागर में संपत्ति की एक विस्तृत तस्वीर भी दी गई है, जो संपत्ति पथ का सटीक स्थान दिखाती है। लूनर ऑर्बिटर डेटाबेस की इस डिजिटल तस्वीर में पथ के क्षेत्र में स्थित सभी विशेषताएं शामिल हैं और यह संपत्ति को इंगित करने में सहायक है। पंजीकृत दावे में संपत्ति का स्थान, अक्षांश और देशांतर, पथ संख्या, लॉट संख्या और इसमें दर्ज मात्रा संख्या, साथ ही पंजीकरण की तारीख भी शामिल है। संपत्ति का रिकॉर्ड इंटरनेशनल लूनर लैंड्स रजिस्ट्री द्वारा अपने वार्षिक प्रकाशन में स्थायी रूप से दर्ज किया जाता है, जिसे कॉपीराइट किया जाता है।

### चांद पर जमीन का मालिक बनना गौरव की बात

शैलेश सिंह ने बताया कि हम बिजनेसमैन है। काफी समय से कुछ असामान्य और मज़ेदार चीज खोज रहे थे। इससे बेहतर उपहार क्या हो सकता है। जब अंतरिक्ष यान चंद्रमा पर गया तब लोगों की नजर वहां गई। हमको सपना आया कि क्यों न वहां जमीन खरीदी जाय, जो आने वाले भविष्य में कभी काम आए। इसी कारण हमने वहां तीन एकड़ जमीन खरीदी है।

### रुपये की नहीं, सोच की वैल्यू : शैलेश

37 वर्षीय शैलेश की प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही पूरी हुई। परास्नातक डिग्री कूरेभार से हासिल की। 2010 से ठेकेदारी कर रहे हैं। वर्तमान समय में श्री राम मंदिर अयोध्या में एलएनटी कंपनी के साथ मैन पावर सप्लाई का काम कर रहे है। आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक में भी इनका काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान जब गया तो खूब चर्चा हुई। गुजरात और लखीमपुर के लोग वहां पर जमीन खरीदे, इसका समाचार देखा। मन में आया कि हम भी खरीदे। नेट पर सर्च किया। मात्र तीन हजार रुपये एकड़ जमीन चांद पर मिल रही है। कोई भी आनलाइन खरीद सकता है।

